हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव



## खबर संक्षेप

### बच्चों ने बनाई शानदार पतंग




**अंबागढ़ चौकी।** मकर संक्रांति पर्व नगर के एनएसएम पब्लिक स्कूल में सृजनात्मकता के साथ और अधिक निखर कर सामने आया। स्कूल के बच्चों ने स्वयं पतंग बनाकर त्यौहार की परंपरा का निर्वहन किया। प्राचार्य डॉ सूर्यकांत मिश्रा ने बताया कि कक्षा चौथी के छात्रों ने मकर संक्रांति का संदेश देने के उद्देश्य से शानदार पतंग बनाकर अपनी भावना प्रकट की। आलिया देवांगन तथा बिलाल अहमद खान ने बताया कि भारतवर्ष का यह त्यौहार सभी धर्म जाति को यह संदेश देता नजर आता है कि पतंग और डोर की तरह उन्मुक्त जीवनशैली ही मानवीय जीवन का सार है । तिल और गुड़ की मिठास जहां हमारी जिव्हा को आनंद प्रदान करती है, वहीं पतंग की ऊंची उड़ान यह कहती है कि हमारा जीवन भी इसी तरह की ऊंचाई को छूने बेताब है।

### जन्मदिन पर कराया न्योता भोज



**सुरगी।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बुचीभरदा के बच्चों को प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक राकेश ने अपने जन्मदिन पर न्योता भोज कराया गया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत बच्चों को चांवल, दाल, सब्जी के अतिरिक्त गुलाब जामुन परोसा गया। इस दौरान आरआर साहू, सरपंच साधना साहू, उपसरपंच शशिकला देवांगन, एसएमसी अध्यक्ष अनुरुद्ध कौशिक, दीपक साहू, विभूति ठाकुर, चंद्रशेखर साहू, परमानंद साहू, स्वर्णा श्रीवास्तव, मिलन साहू, चुनूराम साहू, राहुल साहू, मणीलाल, अनिल साहू, चांताराम साहू, विनोद चंद्राकर,रितुराज चतुर्वेदी, ज्योति साहू, दुर्गेश नंदिनी मारकंडे, पूजा सोनी आदि उपस्थित थे।

### हरीश भंडारी बने ब्लाक शहर कांग्रेस अध्यक्ष



**डोंगरगढ़।** ब्लॉक शहर अध्यक्ष की जिम्मेदारी हरीश भंडारी को सौंपी गई है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश भंडारी वर्षों से कांग्रेस से जुड़े हैं और समय-समय पर पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करते रहे हैं। भंडारी को ब्लॉक शहर अध्यक्ष घोषित होते ही नगर सहित ग्रामीण अंचलों के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए आतिशबाजी कर मिठाई बांटी। इस अवसर पर पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, धनेश पाटिला, धीरज मेश्राम, प्रदीप शर्मा, फिरंगी लाल पटेल, एडविन हैदर, रूपचंद खोब्रागढ़े शिशुपाल भारती, संजीव गोमास्ता, संजय श्रीवास्तव, लाल धीरेन्द्र प्रताप आदि मौजूद थे। कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने हरीश भंडारी के मनोनयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी संगठनात्मक क्षमता, सक्रियता और कार्यकर्ताओं से मजबूत संवाद कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगा। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि हरीश भंडारी के नेतृत्व में शहर कांग्रेस संगठन मजबूती के साथ जनहित के मुद्दों को आगे बढ़ाएगा।

## नेताओं की आपसी खींचतान से अधिकारी हुए निरंकुश

# राशि स्वीकृत होने के बाद भी आगे नहीं बढ़ रहा विकास का पहिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विकास के लिए करोडों की स्वीकृति मिली है किन्तु भाजपा के जनप्रतिनिधियों के बीच तालमेल में कमी एवं खीचातानी के चलते विकास पर ग्रहण लगता दिखाई दे रहा है। पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 50 करोड के स्वीकृत कार्य पिछले 10 साल से अधूरे हैं। वहीं करोडो के निर्माण कार्य कमीशनखोरी के भेंट चढ़ रहे हैं। भाजपा नेताओ की आपसी खीचतान और ठेकेदार की मनमानी के चलते निर्माण कार्य को न गति मिल पा रही है और न पर्यटको को लाभ मिल रहा है।

जानकारी के अनुसार करोडों की लागत से बनने वाला परिक्रमा पथ की जगह को लेकर विवाद सामने आया है। दर्शनार्थियों एवं पर्यटकों की सुविधा की अनदेखी कर कुछ प्रभावशाली को फायदा पहुंचाने उनकी जमीनों के किनारे से परिक्रमा पथ बनाने का प्रयास परेशानी का कारण बन गया है। प्रज्ञागिरि तीर्थ में बना उपासना केंद्र की अनियमितता पर भी सवाल उठ रहे हैं। प्रसाद योजना अंतर्गत उपर मंदिर में स्वीकृत 7 करोड के कार्य अपूर्ण है। ठेकेदार को प्रसाद योजना अंतर्गत 2024-25 में 5 करोड की अतिरिक्त राशि दी गई है जिसके बाद भी श्रीयंत्र उपासना केंद्र, उपर मंदिर सौर उर्जा निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर और ग्रामीण क्षेत्रो के बीते 5 साल में बनाई गई सडको की जर्जर हालत विकास की पोल खोल रही है। विभाग द्वारा मरम्मत के नाम पर सडक सुधारने के बजाए केवल राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है। ग्राम पंचायत को निर्माण कार्य की स्वीकृति ही नही मिलने से जनता परेशान है।

## प्रशासनिक व्यवस्था खस्ताहाल




### निरीक्षण करने में कोताही

प्रधानमंत्री सडक योजना विभाग के एसडीओ और इंजीनियर ग्रामीण क्षेत्र में बन रही सड़कों की देख रेख करना तो दूर झाकने तक नहीं आते है। पीपरखार, सीतागोटा, कारूटोला, कनेरी, बागरेकसा, चारभाटा, मोहनपुर में करोडो की लागत से बनी सडक देखरेख के अभाव मे खराब होती नजर आ रही है। पिछले 2 से 3 साल पहले बनी सडक में जगह जगह गढढे होने लगे है।

### प्रशासनिक लापरवाही

क्षेत्र के अधिकारी भी जिम्मेदार नजर नही आ रहे है। स्थानीय भाजपा संगठन तालमेल के अभाव में बिखरा नजर आ रहा है जिसका असर भी प्रशासन पर दिख रहा है। अधिकारी और इंजीनियर मुख्यालय में निवास करने के बजाए बाहर से आना जाना कर रहे है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी हफ्ता- 15 दिन में एक- दो बार कार्यालय पहुंचते है। एक दशक से अधिक समय से पदस्थ इंजीनियर के भरोसे कार्यालय चल रहा है। जनपद सीईओ रोजाना लग्जरी गाडी से आना जाना करती है वहीं आधे से ज्यादा कर्मचारी बाहर से आना जाना कर रहे हैं। यहीं स्थिति नगर पालिका, वन विभाग में भी बनी है।

### अचानक दौरे पर पहुंचे खाद्य आयोग अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

■ राशन उपभोक्ताओं से लिया फिडबैक

राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा ने अचानक खडगांव पहुंचकर आंगनबाड़ी केंद्र और सरकारी राशन दुकान का निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण से प्रशासनिक हल्के में हड़कंप मच गया लेकिन निरीक्षण के दौरान सब सही पाया गया। महिला समूह द्वारा संचालित राशन दुकान निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष संदीप शर्मा ने दीवाल के चारों तरफ और जमीन पर सिलपालीन लागने की सलाह दी। श्री शर्मा ने महिला समूह की कार्यविधि पर जमकर तारीफ की। उन्होंने उपभोक्ताओं से कमी, कालाबाजारी, वजन आदि पर चर्चा की। उपभोक्ताओं ने किसी प्रकार की शिकायत से इंकार किया। निरीक्षण के दौरान महिला समूह सचिव सुनीता चंद्रवंशी, सदस्य शिवबाई ध्रुवे, सरपंच रमिला धुर्वे आदि उपस्थिति थे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक सम्मानित



**डोंगरगांव।** ब्लॉक में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को उनके नवाचारपूर्ण प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रोहितलाल पात्रे, एबीईओ जयंत साहू एवं किशन लाल देशमुख ने प्रदान किया। यह सम्मान ओपन लिंक फाउंडेशन द्वारा जिले में संचालित विनोबा ऐप शिक्षक सहायक कार्यक्रम अंतर्गत प्रदान किया गया। कार्यक्रम के तहत शिक्षक अपनी दैनिक शैक्षणिक गतिविधियों को विनोबा ऐप पर नियमित रूप से पोस्ट करते हैं। इन्हीं पोस्ट्स के आधार पर अन्य शिक्षकों के सहयोग और सहभागिता से पोस्ट ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए शिक्षकों का चयन किया जाता है। इस पहल से सभी विद्यालयों में नवाचार करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहन मिल रहा है। इस अवसर पर विनोबा एप के जिला समन्वयक नरेंद्र साहू ने सभी सम्मानित शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

## राइडर्स ने किया माइनस तापमान में बाइक राइड

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

■ छत्तीसगढ़ के दल ने नगर का अर्हम जैन भी शामिल था

छत्तीसगढ़ के 9 और भोपाल के 1 राइडर ने हड्डी जमा देने वाली ठंड के बीच बाइक राइड को पूरा करने में सफल रहे। इस दल ने शीतकाल में स्पीति घाटी तक बाइक राइड पूरी की। ग्रुप में नगर का अर्हम जैन सहित रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, सक्ती, बेरला और रायगढ़ जिलों के राइडर्स शामिल थे।इस दल ने 14 दिनों की इस चुनौतीपूर्ण यात्रा में प्रकृति की कठोरतम परिस्थितियों का सामना किया।



### बेहद चुनौतीपूर्ण रहा राइडरों का सफर

जानकारी के अनुसार 10 सदस्यीय दल में स्वप्निल, के. बालाजी, आयुष विश्वास, हर्षित सूर्यसेन, द्रोण निषाद, लोचनसिंह राठिया, गंगा दक्षिणी, गीतेश ताम्रकार, अर्हम जैन और राहुल शामिल थे। वापस लौटकर विद्याश्री कृषि केन्द्र के संचालक संदीप जैन के पुत्र अर्हम जैन ने बताया कि स्पीति घाटी में राइड के दौरान तापमान लगातार माइनस में रहा। खासकर काजा से चिचम के बीच तापमान 20 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि चिचम गांव में यह 23 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। कड़ाके की ठंड में राइडर्स के हाथ-पैर सुन्न हो जाते थे। उन्होंने बताया कि अधिक ऊंचाई के कारण तीन राइडर्स को सांस लेने में तकलीफ हुई, लेकिन टीम पहले से ऑक्सीजन सिलेंडर और जरूरी दवाइयों के साथ तैयार थी, जिससे स्थिति संभाल लिया गया। राइडर्स ने हिक्किम स्थित ऊंचे पोस्ट ऑफिस, कोमिक गांव और एशिया के सबसे ऊंचे चिचम ब्रिज को करीब से देखा।



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026



# अंतर्राज्यीय सीमा पर पकड़ाया डेढ़ करोड़ का धान, चार कोचियों पर एफआईआर

## सरकारी खरीदी के दौरान सोसाईटियो में धान खपाने की थी साजिश, प्रशासन ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान की सरकारी खरीदी शुरु होने के साथ जिले में शुरु किए गए धान के अवैध तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत पड़ोसी राज्य से आने वाले करीबन डेढ़ करोड़ रुपए के धान को अब तक पकड़ा जा चुका है। इस मामले में शामिल रहे चार कोचियों के खिलाफ अब एफआईआर कराने की कार्रवाई की गई है। इनमें महाराष्ट्र के तीन और डोंगरगढ़ का एक बिचौलिया शामिल है।

बताया गया कि जिला प्रशासन की टीम ने इस कार्रवाई के दौरान लगभग दस वाहन को भी जब्त किया है। उल्लेखनीय है कि जिल कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर खाद्य एवं राजस्व की टीमें धान की अवैध तस्करी के खिलाफ पिछले ढाई महीने से लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी के तहत पड़ोसी राज्य और जिले की सीमा पर भी चेकपोस्ट बना कर निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान महाराष्ट्र से आने वाले धान पर भी नजर रखी जा रही थी। पहली बार बिचौलियों के खिलाफ एफआईआर कराने का काम जिला प्रशासन की टीम ने किया है।

### डेढ़ करोड़ के वाहन जब्त

कोचियों के खिलाफ जारी अभियान के तहत प्रशासनिक टीम ने पाटेकोहरा सहित विभिन्न चेकपोस्ट पर सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 10 वाहन को पकड़ा है। इनमें छह बड़े ट्रक और चार छोटे पिकअप वाहन शामिल है। बताया गया कि जब्त वाहनों की कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपए है। प्रशासन ने यह भी साफ कर दिया है कि धान खरीदी के अंतिम दिनों में धान खपाने की संभावना बढ़ जाती है। जिसको देखते हुए सीमावर्ती चेकपोस्ट और नाकों पर 24 घंटे कड़ी निगरानी रखी जा रही है।



### यह बिचौलिए शामिल

मिली जानकारी के अनुसार जिन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। इनमें महाराष्ट्र के आमगांव निवासी ओम गुप्ता, नितिन अग्रवाल और पंकज अग्रवाल शामिल है। वहीं डोंगरगढ़ के विष्णु अग्रवाल के खिलाफ भी विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 एवं 7 के तहत मामला दर्ज कराया गया है।

### जारी रहेगी कार्रवाही



सरकारी खरीदी के दौरान अवैध धान खपाने में जुटे कोचियों के खिलाफ लगातार कार्रवाही की जा रही है। कोचियों पर एफआईआर भी दर्ज किया गया है।

- **जितेन्द्र यादव,** कलेक्टर

## खबर संक्षेप

### नो पार्किंग में खड़े माल वाहकों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत आरटीओ फ्लाइंग स्क्वाड ने अभियान चला कर नो पार्किंग में खड़े माल वाहकों के खिलाफ कार्रवाई की है। सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2026 के अंतर्गत यातायात नियमों के पालन सुनिश्चित करने हेतु आरटीओ राजनांदगांव आनंद शर्मा के निर्देश पर फ्लाइंग स्क्वॉड दुर्ग द्वारा 14 जनवरी को रात्रिकालीन चेकिंग अभियान चलाया गया। 30 वाहनों का चलानी कार्रवाई अभियान के दौरान एनएच 53 में अंजोरा से तुमड़ीबोड़ के रास्ते में सड़क किनारे नो-पार्किंग क्षेत्र में अवैध रूप से खड़े मालवाहक वाहनों पर नो पार्किंग में कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में परिवहन निरीक्षक प्रशांत शर्मा, निरीक्षक डगेश्वर राजपूत एवं प्रधान आरक्षक गोवर्धन देशलहारे की टीम द्वारा चेकिंग करते हुए कुल 30 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई तथा 24,000 रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया।

#### दी समझाईश

कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की समझाइश दी गई। प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित

## जिले में बोर्ड कक्षाओं की आज से प्री-बोर्ड परीक्षा

# अर्धवार्षिक में दसवीं के 37 और 12वीं के 30% बच्चे रहे अनुत्तीर्ण

### जिले की सभी स्कूलों में एक साथ आयोजित की जाएगी प्री-बोर्ड परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देश अनुसार आज से जिले में दसवीं और बारहवीं कक्षा की प्री-बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने जा रही है। आगामी महीने फरवरी में होने वाली बोर्ड परीक्षा से पहले इसको तैयारी के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वहीं अर्धवार्षिक परीक्षा में आए परिणाम को भी सुधारने की कोशिश इसमें की जाएगी। ज्ञात हो पिछले महीने आयोजित की गई अर्धवार्षिक परीक्षा में दसवीं के 37 और बारहवीं के 30 फीसदी बच्चे पास नहीं हो पाए थे। ऐसे में इन बच्चों को विशेष तैयारियां कराई गई है।

जिला शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आज से शुरु होने वाली प्री-बोर्ड परीक्षा के लिए सभी स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके है। सभी स्कूलों को सख्त तरीके से यह परीक्षाएं कराने कहा गया है। जिससे कमजोर प्रदर्शन वाले बच्चों को अगले एक पखवाड़े तक विशेष क्लासेस लेकर अंतिम वार्षिक परीक्षा के लिए तैयार किया जा सकें। इधर बोर्ड परीक्षा से पहले जिले की स्थिति को लेकर कलेक्टर जितेंद्र यादव ने भी डीईओ पीएस बघेल सहित सभी आला शिक्षा अधिकारियों की एक बैठक ली है। जिसमें त्रैमासिक और अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम की समीक्षा के साथ ही प्री-बोर्ड और बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर चर्चा की गई थी।

#### खास बातें

- प्रैक्टिकल परीक्षा का आयोजन पूरा
- प्री-बोर्ड परीक्षा में कमजोर प्रदर्शन करने वाले बच्चों की ली जाएगी एक्स्ट्रा क्लास



#### 1336 स्कूलों में 17600 बच्चे शामिल

जिले की करीब 1336 स्कूलों में बोर्ड कक्षा के करीबन 17600 बच्चे शामिल है। इनमें दसवीं कक्षा के 9745 और बारहवीं कक्षा के 7861 बच्चे शामिल है। इन बच्चों की त्रैमासिक और अर्धवार्षिक परीक्षा में प्रदर्शन को लेकर ही समीक्षा बैठक की गई है। ज्ञात हो आगामी महीने फरवरी में 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं आयोजित होनी है।

#### 12वीं की स्थिति कुछ बेहतर

बताया गया कि दसवीं कक्षा में अर्धवार्षिक परीक्षा में 9722 में से 6052 बच्चे ही पास हुए, जबकि शेष 37 फीसदी परीक्षार्थी फेल रहे। वहीं त्रैमासिक परीक्षा में दसवीं कक्षा के 9745 में से 5402 पास हुए थे, और 40 फीसदी फेल। ऐसे ही कक्षा बारहवीं के 7861 बच्चें में से 5466 अर्धवार्षिक परीक्षा में पास हुए, 30 प्रतिशत बच्चे फेल हुए। त्रैमासिक परीक्षा में 12वीं के 7739 में से 4502 पास हुए, जबकि 35 फीसदी बच्चे फेल हुए।

#### 27 जनवरी से पहले आएंगे परिणाम

आज से शुरु होने जा रही प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन आज 16 जनवरी से लेकर आगामी 23 जनवरी तक किया जाएगा। इन परीक्षाओं का प्रश्न पत्र जिला स्तर पर तैयार किया गया है, जिसे विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के जरिए स्कूलों तक पहुंचाया जाएगा। वहीं शिक्षकों को मूल्यांकन का कार्य भी तत्काल शुरु करने कहा गया है, जिससे दोनों ही कक्षाओं का 27 जनवरी तक परीक्षा परिणाम जारी किया जा सकें।

# मड़ई में हत्या, नाबालिग सहित दो आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मंडई मेला में विवाद के दौरान धारदार हथियार से युवक की हत्या के मामले में जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार एवं विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 13 जनवरी को प्रार्थी देशबंधु पिता तुकाराम पटेल, निवासी ग्राम पिपलाकछार द्वारा लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत की गई कि ग्राम पिपलाकछार के बाजार चौक में मंडई मेला आयोजित था, जिसमें गांव एवं आसपास के गांवों के लोग शामिल हुए थे। शाम लगभग 7 बजे मंडई स्थल पर कुछ लोगों के बीच विवाद हो रहा था। जिसे समझाने के लिए मोरध्वज पिता समयलाल पटेल, उम्र 26 वर्ष मौके पर गया। इसी दौरान हेमचंद उर्फ हर्षू द्वारा मोरध्वज पर प्राणघातक हमला कर दिया गया। घायल अवस्था में मोरध्वज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरागढ़ लाया गया जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। उक्त रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**चाकू जब्त:** विधि से संघर्षरत बालक के निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू जब्त किया गया है। आरोपी हेमचंद निषाद को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, जबकि विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

#### पकड़े गए आरोपी

पुलिस के अनुसार मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 24 घंटे के भीतर 14 जनवरी को आरोपी हेमचंद उर्फ हर्षू पिता हिंसाराम निषाद, निवासी अमलीडीह खुर्द एवं उसके साथी एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया गया।

#### बीच बचाव कर रहा था युवक

पूछताछ में ज्ञात हुआ कि जंपिंग झूला में कूदने की बात को लेकर आरोपी, मृतक एवं अन्य युवकों के बीच विवाद हो रहा था। वाद विवाद के दौरान बीच-बचाव करने आए मोरध्वज से विधि से संघर्षरत बालक की कहासुनी हो गई, जिस पर उसने भीड़ का फायदा उठाकर अपने पास रखे चाकू से मोरध्वज के पेट में हत्या की नीयत से प्राणघातक वार कर दिया और भीड़ में शामिल हो गया।

# मोबाइल चोरी करते कैमरे में कैद हुए शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहला विकास खंड के सांगली प्राथमिक शाला मे पदस्थ शिक्षक राधेश्याम नेताम की शर्मनाक हरकत फिर सामने आई है जिसमें दूसरी बार जिला मुख्यालय मोहला के एक दुकान से मोबाइल चोरी करते हुए सीसी कैमरा में कैद हुआ है। व्यवसायी की रिपोर्ट पर मोहला पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि 31 दिसंबर को मोहला स्थित दीप कम्प्यूटर में आरोपी शिक्षक राधेश्याम नेताम पैसे ट्रांजेक्शन कराने के बहाने दुकान में पहुंचा। पहले काउंटर पर मौजूद कर्मचारी को बातचीत में उलझाया और काउंटर पर रखे मोबाइल पर नजर जमाए रखा। जैसे ही दूसरा ग्राहक आया और कर्मचारी व्यस्त हुआ, आरोपी पीछे के गेट से मोबाइल चुपचाप उठाकर फरार हो गया। दुकान कर्मचारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। बाद में कंप्यूटर संचालक के द्वारा सीसी कैमरे की जांच उपरांत शिक्षक एप्पल मोबाइल चुराते हुए कैद हुआ जिसकी शिकायत मोहला थाने में की गई परंतु पुलिस ने लेनदेन में मामला दबा दिया था। इधर 14 जनवरी को शिक्षक राधेश्याम नेताम के द्वारा फिर से मोहला स्थित बघेल परिवहन सुविधा केंद्र से शटर खोलकर मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया, चोरी की उक्त घटना भी सीसी कैमरे में कैद हुआ है। संचालक के द्वारा आज सुबह मोहला थाने में शिकायत करने के उपरांत पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ चोरी के मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया है।



#### भोजटोला खेल आयोजन से हिरासत में लिया गया था

31 दिसंबर चोरी के मामले में शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई दिखाते हुए आरोपी शिक्षक को भोजटोला संकुल स्तरीय खेल आयोजन के दौरान पकड़ा। पूछताछ में पुलिसिया सख्ती के बाद आरोपी ने चोरी की बात स्वीकार की और मोबाइल फोन लौटाया। इधर थाने का स्टाफ भी खुश हो गया और गुरुजी को इस नेक काम के लिए छोड़ दिया गया। इधर पुनः उक्त शिक्षक ने फिर से एक मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया है।

#### विभागीय कार्यवाही की तैयारी

चोरी के आरोपों में शिक्षक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की तैयारी है

**-राजेंद्र देवांगन,** विखं शिक्षा अधिकारी, मोहला

#### मामला दर्ज

मोबाइल चोरी के मामले में शिक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

**- कपिल देव चंद्रा,** थाना प्रभारी मोहला

# एकलव्य में विद्यार्थियों के शोषण की जांच पूरी, अब एक्शन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

आदिवासी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के लिए संयुक्त रूप से संचालित केंद्रीय आवासीय एकलव्य विद्यालय में अध्यनरत छात्रों के साथ हो रही ज्यादती की फाइलें तैयार हो गई हैं। एक के बाद एक कांडों के उजागर होने के बाद प्रशासनिक स्तर पर एक्शन की तैयारी है।

क्या बच्चियां इस संस्था में असुरक्षित हैं? छात्राओं के साथ यहां ऐसा क्या घट रहा है? छठवीं से 12वीं तक अध्यनरत नाबालिग बच्चियों से जुड़े इन तमाम बिंदुओं पर किसी तरह की उच्च स्तरीय जांच, जवाबदारी के साथ नहीं हो पा रहा है।

भवन के अभाव में मोहला और मानपुर का केंद्रीय एकलव्य आवासीय विद्यालय अंबागढ़ चौकी में संचालित हो रहा है। यहां मोहला और मानपुर के सैकडों प्रतिभावान छात्र-छात्राएं संयुक्त रूप से अध्यनरत हैं। मासूम छात्रों को इस संस्था में दूसरे प्रदेशों से आए टीचर पढ़ाते हैं। बताया जाता है कि, यहां टीचर्स इन बच्चों की पिटाई के साथ साथ हीन भावना से भी देखने हैं। मामला उजागर होने के बाद कलेक्टर तूलिका प्रजापति के निर्देश में प्रशासन द्वारा गठित जांच टीम के समक्ष मामला पुष्ट हो गया है। उक्त मामले में प्रशासनिक स्तर पर फाइल तैयार कर अब एक्शन की तैयारी की जा रही है।

#### शिक्षकों की भूमिका पर संदेह

एकलव्य केंद्रीय विद्यालय में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, राजस्थान, बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड के शिक्षक पदस्थ हैं। इन्हीं पर यहां आदिवासी मासूम छात्र-छात्राओं के साथ बुरा बर्ताव करने की बात कही जा रही है।

#### विद्यालय में कुछ तो गड़बड़ी है

बच्चियों द्वारा जान देने की कोशिशों के बाद स्थानीय विधायक इंद्र शाह मंडावी और जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने हरिभूमि से कहा कि, एकलव्य केंद्रीय विद्यालय में छात्राओं से जुड़ी घटनाएं बेहद खौफनाक हैं। निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

इधर इस मामले में कलेक्टर कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तूलिका प्रजापति ने हरिभूमि से कहा कि, विद्यार्थियों की पिटाई के मामले में एक्शन लिया जा रहा है, बच्चियों का मामला बेहद संवेदनशील है, हर एंगल पर जांच की जा रही है।

#### बेदम मारपीट की हुई पुष्टि

छात्रों को बाहर प्रदेश से आए टीचर्स द्वारा अमानवीय तरीके से मारपीट किए जाने की प्रशासनिक टीम की जांच रिपोर्ट में पुष्टि हो चुकी है। जबकि छात्रों ने इस हैवानियत की लिखित शिकायत और बयान सहायक आयुक्त संजय कुर्रे को पहले ही दे चुके थे, परंतु मामले को सहायक आयुक्त ने दबा दिया।

# यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात पुलिस ने ग्रामीण इलाको में पहुंच कर ग्रामीणों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जन-धन की हानि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

सड़क सुरक्षा माह के दौरान 15 जनवरी को सुश्री अंकिता शर्मा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं पुष्पेन्द्र नायक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी नवरतन कश्यप के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सिंघोला कमरतरा, सुखरी, जंगलपुर एवं शहर के नंदई चौक में यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार करते हुए दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट एवं तीन सवारी, चारपहिया वाहन में बिना सीट बेल्ट, शराब सेवन कर वाहन न चलाने एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर होने वाली कानूनी कार्यवाही एवं सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जन-धन की हानि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में सउनि येनलाल चन्द्राकर एवं कुंजलाल साहू, शरद मसीह का विशेष येगदान रहा।

#### तेज गति से न चलाए वाहन

अपने परिवार व स्वयं की सुरक्षा के लिए बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलायें, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाईल मे बात न करे, तेज गति से वाहन न चलाये, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगायें। नशे के हालत में कभी भी वाहन न चलाये, नियंत्रित गति में वाहन चलायें, सम्पूर्ण यातायात नियमों का पालन करें।

## वार्डवासी लंबे समय से कर रहे थे मांग, जल्द मिलेगी सौगात

# 13 वर्षों से नहीं बनी थी सड़क, महापौर ने निरीक्षण के दौरान ही दी स्वीकृति, तत्काल भूमिपूजन भी कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के रामनगर वार्ड नंबर 7 का आज सुबह महापौर मधुसूदन यादव ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों से चर्चा की। वहीं वार्ड में रोड, नाली और अन्य विकास कार्यों को लेकर जायज लिया। वार्ड के लोगों ने महापौर को बताया कि यहां पर सबसे बड़ी समस्या सड़क को लेकर है। इसके बाद महापौर मधुसूदन यादव ने तत्काल सड़क निर्माण को लेकर अपनी स्वीकृति दी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके से ही फोन लगा कर यहां पर सड़क निर्माण करने निर्देशित किया।



महापौर मधुसूदन यादव अपने अलग ही अंदाज के चलते शहर की जनता के बीच लोकप्रिय है। वह आज सुबह रामनगर वार्ड नंबर 7 के निरीक्षण पर पहुंचे इस दौरान उन्होंने वार्ड के लोगों से चर्चा करते हुए बिजली, पानी,सड़क नाली निर्माण का हाल देखा और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है कि नहीं इसकी जानकारी भी ली। इस दौरान वार्ड के लोगों ने महापौर के सामने क्षेत्र में सड़क को लेकर बड़ी समस्या बताया, जिसे तत्काल महापौर ने स्वीकृति दे दी।

#### बुजुर्ग के हाथों पूजन

महापौर मधुसूदन यादव ने यहां सड़क की जर्जर स्थिति को देखकर इसके निर्माण में कोई टालमटोल ना करते हुए तत्काल श्रीफल और अगरबत्ती मंगवाया और समीप के ही घर से एक लोटा जल मंगाकर मदरसा रोड चौक पर सड़क निर्माण का वार्ड की बुजुर्ग महिला के हाथों भूमि पूजन कर दिया। महापौर के द्वारा तत्काल सड़क को लेकर स्वीकृति और मौके पर ही भूमि पूजन किया जाने से क्षेत्र के लोगों में हर्ष है।

#### जगह-जगह हो गए थे गड्ढे

महापौर मधुसूदन यादव ने जिस जर्जर सड़क निर्माण को लेकर अपनी स्वीकृति दी है उसकी आधी सड़क का निर्माण लगभग 13 वर्षों से नहीं हुआ है । यह सड़क पूरी तरह से खराब हो चुकी है और कंक्रीट की गिट्टियां भी निकल कर बिखर रही है। इस सड़क में जगह-जगह गढ्ढे हो गए हैं, जिससे लोगों को आने जाने में काफी कठिनाई होती है। वही लगभग 5 साल पहले बनी आधी सड़क भी टूट चुकी है। अब इस सड़क का निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी। भूमि पूजन के अवसर पर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, पार्षद तृप्ति पात्रे, पार्षद मनोहर यादव, शांति पात्रे, रामू कुमरे, शेख सुभानी, प्रकाश गोंडाने, अर्जुन साहू, सुरेश सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित थे।

## सार समाचार

### एनएसएम स्कूल में गुलाब महकने तैयार

**अंबागढ़ चौकी।** स्थानीय एनएसएम पब्लिक स्कूल अपने हरे - भरे वातावरण के लिए जिले में अलग पहचान रखता है। स्कूल परिसर में



लगभग 100 आम के वृक्षों के साथ ही अमरूद, चीकू, संतरा, मौसम्बी, आंवला आदि के पेड़ वातावरण को स्वास्थ्य वर्धक बनाने में भूमिका निभा रहे हैं। अब शाला परिसर को महकाने बच्चों और शिक्षकों ने गुलाब के दर्जनों पौधों को रोपा है। प्राचार्य डॉ.सूर्यकांत मिश्रा ने बताया कि चिल्हाटी रोड स्थित स्कूल बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा देने संकल्प के साथ विगत दो वर्षों से जुटा हुआ है। लगभग 6 एकड़ के नयनाभिराम परिसर में विभिन्न स्वास्थ्य वर्धक वृक्ष वन का आनंद प्रदान कर रहे हैं। शिक्षक -शिक्षिकाओं के साथ बच्चों ने दर्जनों अलग -अलग रंगों के गुलाब के पौधों को रोपकर महकते वातावरण में अध्ययन की मंशा को साकार करने अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है।

### शत्रुहन बने ब्लॉक कांग्रेस के नए सारथी



**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ने संगठन को धार देने के उद्देश्य से बड़े फेरबदल के साथ शत्रुहन मन्नू चंदेल को गंडई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी आधिकारिक सूची में गंडई क्षेत्र से चंदेल के नाम पर मुहर लगते ही स्थानीय राजनीति में हलचल तेज हो गई और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार देखा गया। मन्नू चंदेल की नियुक्ति की खबर मिलते ही क्षेत्र के कांग्रेसियों ने नगर के मुख्य चौक पर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने श्री चंदेल को गुलाल लगाकर और फूल-मालाओं से लादकर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई और मिठाई बांटकर खुशियां साझा की गईं। स्वागत समारोह में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन, रमेश साहू, कामदेव जंघेल, लियाकत अली, क्रांति ताम्रकार, नारायण चतुर्वेदी, भूषणमणि झा, अमित टंडन, कन्हैया कुर्रे, ताराचंद बंजारे, हेमलता ठाकुर, अनिल वर्मा, कमलेश धुर्वे, शैलेन्द्र दुबे, दामोदर जायसवाल, संतोष यदु, कृष्णा देवांगन, शाद मेमन, असरफ सिद्दिकी, मैनुद्दीन सोलंकी, विजय सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

### श्रीराम भक्त गुहा निषादराज जयंती आज

**सोमनी।** ग्राम धीरी के केंवट समाज के अराध्य गुहा निषादराज जयंती समारोह का आयोजन समस्त निषाद परिवार के नेतृत्व में कल 16 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता व गुहा निषादराज की शोभा यात्रा व कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर मेला- मंडई का भी आयोजन होगा एवं रात्रि में छत्तीसगढी रिकार्डिंग डांस राधा-कृष्ण कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी होमेश्वर निषाद ने दी।

### न्यू सिविल लाईन पानी टंकी की होगी सफाई

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा ग्रीष्म ऋतु के पूर्व सभी पानी टंकी की सफाई कराई जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में न्यू सिविल लाईन टंकी की कल सफाई की जानी है, जिसके कारण न्यू सिविल लाईन टंकी स्थित उच्च स्तरीय जलागार नहीं भर पायेगा। इस वजह से उक्त टंकी से कल 16 जनवरी शुक्रवार को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 17 की सुबह से सप्लाई यथावत रहेगी। आयुक्त ने बताया कि न्यू सिविल टंकी सप्लाई क्षेत्र तुलसीपुर, बख्तावर चाल, तुलसीपुर साधुचाल, तुलसीपुर शेरे पंजाब गली, तुलसीपुर लेबर कालोनी, पुराना पुलिस लाईन लालबाग, सिविल लाईन एवं मीलचाल में कल 16 जनवरी शुक्रवार की शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी, 17 जनवरी शविवार को सुबह समय में पेयजल सप्लाई यथावत होगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुये सहयोग करने की अपील की है।

## निधन



### भागचंद लूणावत

**राजनांदगांव।** जूनी हटरी निवासी भागचंद लूणावत आ.मूलचंद लूणावत का आकस्मिक निधन 15 जनवरी गुरुवार हो गया। वे बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हेड कैशियर थे। उनकी अंतिम यात्रा कल 16 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे निवास स्थान से निकलेगी।



### हितेश त्रिपाठी

**अम्बागढ़ चौकी।** नगर के युवा, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हितेश त्रिपाठी का 15 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे माता, पिता, पत्नी बच्ची, और भाई, बहन से भरा पूरा परिवार छोड़ गए। वे बचनेश त्रिपाठी के छोटे सुपुत्र व उदयन राज त्रिपाठी के चचेरे भाई थे। उनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### पूर्व में 13 लाख की यह योजना पूरी तरह फ्लाप हो गई थी

# लाखों की लागत से नगर में लगे डस्टबिन क्या फिर होंगे कबाड़?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

शहर को स्वच्छ बनाने के दावों और सरकारी खजाने के उपयोग के बीच एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि क्या गंडई की सड़कों पर नजर आने वाले चमचमाते स्टील डस्टबिन का हश्र भी पिछले डस्टबिन्स जैसा ही होगा? या इसे संभाल कर रखा जा सकेगा? क्या इसका उपयोग सही तरीके से किया जाएगा या यह भी शरारती तत्वों के खिलवाड़ का समान बनेंगे? इन्हे भी तोड़ मरोड़ कर कबाड़ियों के हवाले कर दिया जाएगा?

जानकारी के अनुसार 2020-21 के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के तहत 14 वें वित्त आयोग मद से शहर में 191 नग डस्टबिन लगाए गए थे। सारथी इंटरप्राइजेस भिलाई द्वारा लगाए गए इन डस्टबिन्स में प्लास्टिक के दो डिब्बे और लोहे का फ्रेम था। महज 680 रुपये प्रति नग की लागत से लगे डस्टबिन 2022 के आते-आते गायब होने लगे थे। 2023 तक आलम यह था कि सड़कों से डस्टबिन तो क्या उनके लोहे के फ्रेम तक का नामोनिशान मिट गया। महज डेढ़ साल के भीतर 13 लाख की योजना पूरी तरह फ्लॉप हो गई।

## नए डस्टबीन भी शरारती तत्वों के निशाने पर

### जनता के पैसे की बर्बादी

प्रशासनिक गलियारों में चर्चा है कि पिछला अनुभव इतना कड़वा रहा, तो बिना किसी ठोस सुरक्षा योजना या देखरेख के भारी-भरकम राशि खर्च क्यों किया गया? 22 हजार कीमत वाले डस्टबिन्स की भी चोरी या तोड़फोड़ शुरू हुई, तो जिम्मेदार कौन होगा? बिना सुरक्षा के यह नई योजना भी पुरानी गलतियों की पुनरावृत्ति मात्र साबित हो सकती है। देखना यह है कि 11 जनवरी को लगे 85 डस्टबिन साल के अंत तक सुरक्षित रहते हैं या कबाड़ दुकान में पहुंच जाते हैं।



### अब लगे 22 हजार का डस्टबिन

पुरानी नाकामी से सबक लेने के बजाय प्रशासन ने अब 15वें वित्त आयोग की मद से एक और बड़ा दांव खेला है। इस बार रायपुर के बालाजी उद्योग बिरगांव के जरिए 11 जनवरी से शहर में स्टील के डस्टबीन लगाया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस बार महज 85 नग डस्टबिन के लिए 18 लाख 70 हजार रुपये खर्च किया गया है यानी एक की कीमत लगभग 22 हजार है। सवाल यह है कि जब 680 रुपए कीमत वाला डस्टबिन साल भर नहीं टिक पाया, तो क्या 22 हजार डस्टबिन असामाजिक तत्वों और कबाड़ियों से बच पाएगा?

### वही पुरानी लापरवाही

पुराने डस्टबिन फेल होने के पीछे सिर्फ गुणवत्ता ही नहीं, बल्कि सिस्टम की खामियां भी बड़ी वजह रही है। जागरूकता के अभाव में लोग डस्टबिन का सही उपयोग नहीं करते, तो दूसरी ओर नगर पंचायत द्वारा इनकी नियमित सफाई न होना एक बड़ी समस्या है। डस्टबिन जब कचरे से भर जाते हैं, तो लोग बाहर कचरा फेंकना शुरू कर देते हैं। इसके बाद शुरू होता है असामाजिक तत्वों का तांडव, जो रात के अंधेरे में इन डस्टबिन तोड़कर या उखाड़कर कबाड़ में बेच देते हैं। शराबियों और नशेड़ियों के लिए यह डस्टबिन कमाई का जरिया बन चुके हैं।

### स्टील डस्टबिन की उल्टी गिनती चालू

गत 11 जनवरी को नगर के विभिन्न चौक चौराहों एवं व्यापारिक स्थलों में लगाए गए स्टील के डस्ट बीन की उल्टी गिनती महज 4 दिनों में आरंभ हो गई है। पंडरिया के दैहान चौक वार्ड 2 में लगाए गए डस्ट बीन का ढक्कन गायब हो चुका है। दुर्ग रोड में लगाए गए एक डस्टबिन को उखाड़ दिया गया है जिसके जल्द ही गायब होने की संभावना है। नगर में 11 जनवरी को 85 नग स्टील डस्टबिन लगाए गए है जिसे जाम करने के लिए हल्का गड्ढा खोदकर बहुत कम मटेरियल में जाम किया गया है जो अब हिलने लगे है।

### सबकी जिम्मेदारी

नगर वासियों की सहूलियत के लिए नगर में 85 नग डस्टबिन लगाए गए है। जिसका उपयोग और देखरेख करना सबकी जिम्मेदारी है। - **अविनाश देवांगन,** मुख्य नगर पंचायत अधिकारी

# धमधागढ़ महासभा का चुनाव निरस्त




**राजनांदगांव।** केन्द्रीय गोंड़ महासभा धमधागढ़ चुनाव के मामले को लेकर समाज के लोगों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पूर्व में हुए चुनाव में गड़बड़ियों की बात सामने रखी और इस आधार पर न्यायालय पंजीयक समिति द्वारा उक्त चुनाव को शून्य घोषित किए जाने की जानकारी दी। धमधागढ़ केंद्रीय गोंडवाना महासभा के एमडी ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि धमधागढ़ केंद्रीय महासभा का चुनाव बीते 10 अक्टूबर को संपन्न हुआ था। इससे पहले बीते 23 मार्च को मतदाता निर्धारित कर दिया गया था। जिसमें मतदान केंद्र मतदान अधिकारी तय हो गए थे, लेकिन मतदाता सूची में गड़बड़ी थी मतदान अधिकारी ने कमलेश ध्रुव के पक्ष में काम कर मतदान को प्रभावित किया। बेमेतरा महासमुंद धमतरी बालोद में फर्जी मतदान कराया गया। महासमुंद में 41 लोगों की लिस्ट में 68 धमतरी में 16 की लिस्ट में 45 लोगों से फर्जी मतदान कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मामले में हमने न्यायालय पंजीयन फार्म समिति रायपुर को अपनी आपत्ति दर्ज करा कर रोक लगाने या मतदान कार्रवाई को निरस्त किए जाने की मांग की थी। जिस पर फॉर्म सोसायटी ने जांच के पश्चात बीते 8 जनवरी को उक्त चुनाव को शून्य घोषित कर

### चुनाव अधिकारी पर आरोप

एमडी ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि धमधागढ़ महासभा ने एक बार फिर हमें जिम्मेदारी दी है। तथा समिति को नये सिरे से चुनाव कराये जाने का आदेश पारित किया गया है। आगे की प्रक्रिया पूरे पारदर्शिता के साथ होगी। उन्होंने कहा कि कमलेश ध्रुव जो कि पूर्व में अपने आप को अध्यक्ष घोषित किया था तथा वह केन्द्रीय गोंड़ महासभा, धमधागढ़ का कोई सदस्य नहीं है तथा वह आदिवासी ध्रुव गोंड़ महासभा बावनगढ़ महासभा के सदस्य है। उन्हें 12 अक्टूबर के चुनाव में खड़े होने का अधिकार नहीं था, लेकिन चुनाव अधिकारी की अनियमितता के कारण चुनाव हुआ था।

# शराब पिला कर कुकर्म पुलिस गिरफ्त में आरोपी



**राजनांदगांव।** पीड़िता को शराब पिला कर कुकर्म करने के मामले की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13जनवरी को शाम लगभग 5 बजे पीडिता को मुर्गी फार्म हाउस में काम करने वाले कांशी जांगड़े ने पीड़िता को मोटर सायकल से बोदेला के मेले में घूमने के लिए ले गए थे। रात्रि साढे 7 बजे तक वापस घर नहीं लाए जाने पर पीड़िता को खोजने के लिए मुड़गांव बस्ती की ओर गए, वहां पता-तलाश की गई किंतु जानकारी नहीं मिली। कुछ समय बाद अपने घर आए तो देखा कि घर के बाहर पीड़िता शराब के नशे में जमीन पर सोई हुई थी। 14 जनवरी को सोकर उठने पर इशारों से घटना के बारे में बताई। तब थाना डोंगरगढ़ द्वारा पीड़िता का कथन-बयान लिया गया। पुलिस के अनुसार कांशी जांगड़े द्वारा पीड़िता के मूकबधिर एवं श्रवण बाधित होने की जानकारी होते हुए उसे शराब पिलाकर नशे की हालत में रितेश के साथ अपने किराये के मकान, मुड़गांव ले जाकर कांशी जांगड़े द्वारा जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया गया तथा रितेश लोधी द्वारा अपराध में सहयोग किया गया। कांशी जांगड़े एवं रितेश लोधी के विरुद्ध धारा 64(2)(क), 3(5) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार 15 जनवरी को दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार करने एवं साक्ष्य पाए जाने पर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# सरपंच संघ की बैठक आयोजित, विकास कार्यों व योजनाओं पर बनी आम सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान



जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सरपंच संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों की उपस्थिति रही, जिसमें आम सहमति से कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान ग्रामों में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों, स्वच्छता अभियान तथा शासकीय योजनाओं की प्रगति और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। सरपंच संघ ने आपसी समन्वय के साथ विकास कार्यों को गति देने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक में लिए गए निर्णयों को शीघ्र अमल में लाने पर सभी ने सहमति जताई।

इस अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल ने कहा कि आने वाले समय में पंचायत स्तर पर कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जाएंगी। उन्होंने सभी सरपंचों से अपील की कि वे अपने-अपने ग्राम पंचायतों में इस्टीमेट से प्राक्कलन तक की तैयारियां समय रहते पूर्ण करें, ताकि योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से किया जा सके। बैठक में सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल सहित रोहित कुमार साहू, ललित कुमार नेताम, रामप्रसाद धुर्वे, दिनेश गजभिए, लोकेश्वर सिंह भालेकर, प्यारेलाल लोधी, डोंगरू राम साहू, चंचल, ध्रुव बोधन सिंह मरावी, लेखराम साहू, अमन जंघेल, हेमंत वर्मा, क्रांति मरावी, कपिलनाथ महोबिया, कुमार पाल, दीपक सिंह बघेल, संतोषी के, चेतन राम वर्मा, रामखेलावन, देवकी रजक, दीप सिंह, नेम कॉलमेट, मनीष, धवल सिंह, जयंती जंघेल, बलराम पटेल, दुलेश्वरी ध्रुव, रेखा राम साहू, दूजे राम वर्मा, संदीप वैष्णव, पंचक पटेल सहित जनपद पंचायत छुईखदान अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं जनपद सदस्य उपस्थित रहे।

# छुईखदान में बाबा गुलाब शाह का उर्स आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

- 80 बरस पुरानी है दरगाह, पेश किया जाएगा संदल

नगर के बस स्टैंड के समीप स्थित वर्षों पुरानी दरगाह बाबा गुलाब शाह रह. अलैहे का सालाना उर्स कल 16 जनवरी से प्रारंभ हो गया है, जो 17 जनवरी तक श्रद्धा और अकीदत के साथ मनाया जाएगा। उर्स के मौके पर दूर-दराज से बाबा के चाहने वाले दरगाह पहुंचकर चादरपोशी पेश करेंगे। उर्स की शुरुआत 16 जनवरी को सुबह 8 बजे गुस्ल पेश करने की रस्म से होगी। इसके पश्चात दोपहर को नमाज जुमा के बाद कुरान खानी की जाएगी। कुरान खानी के अलावा फातिहा का आयोजन किया जाएगा। शाम को मगरिब की नमाज के बाद मस्जिद के सामने से न्यू यंग कमेटी के तत्वावधान में शाही संदल निकाला जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल होंगे।



उर्स के दूसरे दिन 17 जनवरी को आम लंगर रखा गया है। दरगाह कमेटी ने हाफिज इलियास अहमद रिज़वी, हाफिज सरीफुल हक साहब, हाजी यूसुफ सोलंकी, सज्जाक खान, शेख निजामुद्दीन, शेख इब्राहिम, दादू खान, इमरान खान, पप्पू खान, शेख फरीद, अख्तर खान, आशु खान, कम्मू खान, अज्जू खान, साहिर खान, नवाब खान, अब्बास खान, शादाब खान, समीर खान, अनस खान, रशीद खान, हबीब खान, मोहम्मद अर्श, मोहम्मद आज़म, शेख आयान, हाकिम खान, सारीक खान, अमन खान, अल्तमस खान, शेख फ़ैजान, शेख ओवेश, अली खान, रियाज खान, मटरू भाई, कादरी खान, साहिल खान, महफूज खान, आयुष खान ने बाबा के चाहने वालों से अधिक से अधिक संख्या में उर्स में शामिल होने की अपील की है।

### अवैध रूप से धान परिवहन, दो ट्रक पकड़ाए



**अंबागढ चौकी।** अवैध रूप से धान परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है जिसके तहत अवैध धान परिवहन करने के मामले में दो ट्रक को पकड़ा गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार वरिष्ठ कार्यालय के द्वारा निर्देशित किए जाने पर थाना चिल्हाटी में अवैध धान परिवहन करने वालों पर रोक लगाने हेतु 14 जनवरी को पुलिस द्वारा रात्रि में एमसीपी लगाकर आने-जाने वाले वालों का चेकिंग किया जा रहा था। चेकिंग दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीजे 0862, 14 चक्का आया। उक्त वाहन को रोककर चेक किया गया। उक्त वाहन में 747 कट्टा धान वजन 303.35 क्विंटल एवं ट्रक क्रमांक सीजी 22 जे 8101, 14 चक्का में 730 कट्टा धान वनज 295.30 क्विंटल होना पाया गया है ।

### मामला खाद्य विभाग को सौंपा जाएगा

उक्त दोनों ट्रक में लगभग 1477 कट्टा धान वजन 598.6 क्विंटल धान को उक्त वाहन के चालक द्वारा अवैध रूप से धान परिवहन करना पाए जाने से गवाहों के समक्ष मौके पर पंचनामा तैयार किया गया। पंचनामा तैयार कर वाहन को सुरक्षार्थ थाना चिल्हाटी परिसर में रखा गया है। प्रकरण खाद्य विभाग से संबंधित होने से अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन तैयार कर भेजा गया हैं।

# फर्जी बिल बनाकर लाखों रुपए का आहरण, दो आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** फर्जी बिल बनाकर लाखों रुपए का आहरण करने के मामले में जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी कंपनी प्रबंधक न्यू लुक बायो फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड ग्राम फुलझर द्वारा थाना सोमनी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उक्त कंपनी में इथेनाल के उत्पादन हेतु अलग-अलग चावल मिल मालिको और व्यापारियों से टूटे और खराब चावल जैस कच्चे माल की खरीद करती है। यह प्रकिया मुख्य रूप से दलालों के माध्यम से की जाती है। कंपनी ने कच्चे माल की खरीदी के लिए छत्तीसगढ़ के दुर्ग में रहने वाले दिलीप गोलछा नामक एक ब्रोकर को नियुक्त किया है। दिलीप गोलछा विभिन्न माध्यमों से माल की आपूर्ति करवा रहा था, लेकिन दिसंबर 2025 के अंत में कंपनी प्रबंधन को पता चला कि दिलीप गोलछा अपने सहयोगियो के साथ मिलकर कंपनी के कुछ कर्मचारियों की मदद से फर्जी बिल बना रहा है। इसी उदेश्य से उसने अपने दुर्ग एवं धमतरी में जय महावीर एग्रो नाम से फर्म स्थापित किया है। न्यु लुक बायो फ्यूल्स प्रायवेट लिमिटेड ग्राम फुलझर का अकाउंटेंट अमित कुमार गुप्ता द्वारा दिलीप गोलछा को उनके विभिन्न पंजीकृत फर्मों के नाम से मूल बिल के अतिरिक्त मूल बिल का दोबारा फर्जी बिल बनाकर धोखाधड़ी किया गया है। धारा 318(4), 316(4), 3(5) बीएनएस का दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

थाना सेमनी पुलिस की टीम गठित कर आरोपी अमित कुमार 34 साल निवासी गोगांव गोकुल टॉवर फ्लेट नं. 503 जिला रायपुर, दिलीप गोलछा 49 साल निवासी मकान नं. बी-102 अरिहंत हाईट खण्डेलवाल कालोनी दुर्ग को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया जो एक दूसरे के सहयोग से अलग-अलग फर्मो के नाम से फर्जी बिल तैयार कर पिछले डेढ़ से दो माह के दरम्यान 28 से 30 लाख की राशि धोखाधड़ी करना बताये। आरोपी के निशादेही में 320000 रुपए नगद एवं घटना में प्रयुक्त 1 नग लेपटॉप, 2 नग मोबाईल, 1 नग पेन ड्राईव को जब्त किया गया, मामले में धारा 338, 336(3), 340(2) बीएनएसजोड़ी गई है।



### रामचरित मानस है सुशासन का मार्गदर्शक

**डोंगरगढ़।** बागरेकसा में आयोजित चार दिवसीय रामचरितमानस गान के तीसरे दिन कार्यक्रम में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि संस्कार, सामाजिक न्याय, समरसता और सुशासन का मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस भक्ति का भाव जगाता है। वह समाज और राजनीति को सेवा, समानता और न्याय की दिशा दिखाता है। इस दौरान सरपंच पवन नंदेश्वर, ढालचंद मेश्राम, टीकम वर्मा, रामदास मालेकर, गिरधारीलाल मंडावली, मयाराम मंडलोई, जागेश्वर ऊइके, दीपचंद डढसेना, रामक्षत्रीय चंद्रवंशी, रामखिलावन दुबे, रिखीराम चंद्रवंशी, मदन मंडावी, भगवती वर्मा सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।






## सार समाचार

### एनएसएम स्कूल में गुलाब महकने तैयार



**अंबागढ़ चौकी।** स्थानीय एनएसएम पब्लिक स्कूल अपने हरे - भरे वातावरण के लिए जिले में अलग पहचान रखता है। स्कूल परिसर में लगभग 100 आम के वृक्षों के साथ ही अमरूद, चीकू, संतरा, मौसम्बी, आंवला आदि के पेड़ वातावरण को स्वास्थ्य वर्धक बनाने में भूमिका निभा रहे हैं। अब शाला परिसर को महकाने बच्चों और शिक्षकों ने गुलाब के दर्जनों पौधों को रोपा है। प्राचार्य डॉ.सूर्यकांत मिश्रा ने बताया कि चिल्हाटी रोड स्थित स्कूल बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा देने संकल्प के साथ विगत दो वर्षों से जुटा हुआ है। लगभग 6 एकड़ के नयनाभिराम परिसर में विभिन्न स्वास्थ्य वर्धक वृक्ष वन का आनंद प्रदान कर रहे हैं। शिक्षक -शिक्षिकाओं के साथ बच्चों ने दर्जनों अलग -अलग रंगों के गुलाब के पौधों को रोपकर महकते वातावरण में अध्ययन की मंशा को साकार करने अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है।

### शत्रुहन बने ब्लॉक कांग्रेस के नए सारथी



**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ने संगठन को धार देने के उद्देश्य से बड़े फेरबदल के साथ शत्रुहन मन्नू चंदेल को गंडई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी आधिकारिक सूची में गंडई क्षेत्र से चंदेल के नाम पर मुहर लगते ही स्थानीय राजनीति में हलचल तेज हो गई और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार देखा गया। मन्नू चंदेल की नियुक्ति की खबर मिलते ही क्षेत्र के कांग्रेसियों ने नगर के मुख्य चौक पर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने श्री चंदेल को गुलाल लगाकर और फूल-मालाओं से लादकर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई और मिठाई बांटकर खुशियां साझा की गईं। स्वागत समारोह में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन, रमेश साहू, कामदेव जंघेल, लियाकत अली, क्रांति ताम्रकार, नारायण चतुर्वेदी, भूषणमणि झा, अमित टंडन, कन्हैया कुर्रे, ताराचंद बंजारे, हेमलता ठाकुर, अनिल वर्मा, कमलेश धुर्वे, शैलेन्द्र दुबे, दामोदर जायसवाल, संतोष यदु, कृष्णा देवांगन, शाद मेमन, असरफ सिद्दिकी, मैनुद्दीन सोलंकी, विजय सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

### श्रीराम भक्त गुहा निषादराज जयंती आज

**सोमनी।** ग्राम धीरी के केंवट समाज के अराध्य गुहा निषादराज जयंती समारोह का आयोजन समस्त निषाद परिवार के नेतृत्व में कल 16 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता व गुहा निषादराज की शोभा यात्रा व कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर मेला- मंडई का भी आयोजन होगा एवं रात्रि में छत्तीसगढी रिकार्डिंग डांस राधा-कृष्ण कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी होमेश्वर निषाद ने दी।

### न्यू सिविल लाइन पानी टंकी की होगी सफाई

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा ग्रीष्म ऋतु के पूर्व सभी पानी टंकी की सफाई कराई जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में न्यू सिविल लाईन टंकी की कल सफाई की जानी है, जिसके कारण न्यू सिविल लाईन टंकी स्थित उच्च स्तरीय जलागार नहीं भर पायेगा। इस वजह से उक्त टंकी से कल 16 जनवरी शुक्रवार को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 17 की सुबह से सप्लाई यथावत रहेगी। आयुक्त ने बताया कि न्यू सिविल टंकी सप्लाई क्षेत्र तुलसीपुर, बख्तावर चाल, तुलसीपुर साधुचाल, तुलसीपुर शेरे पंजाब गली, तुलसीपुर लेबर कालोनी, पुराना पुलिस लाईन लालबाग, सिविल लाईन एवं मीलचाल में कल 16 जनवरी शुक्रवार की शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी, 17 जनवरी शविवार को सुबह समय में पेयजल सप्लाई यथावत होगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुये सहयोग करने की अपील की है।

## निधन



### भागचंद लूणावत

**राजनांदगांव।** जूनी हटरी निवासी भागचंद लूणावत आ.मूलचंद लूणावत का आकस्मिक निधन 15 जनवरी गुरुवार हो गया। वे बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हेड कैशियर थे। उनकी अंतिम यात्रा कल 16 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे निवास स्थान से निकलेगी।



### हितेश त्रिपाठी

**अम्बागढ़ चौकी।** नगर के युवा, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हितेश त्रिपाठी का 15 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे माता, पिता, पत्नी बच्ची, और भाई, बहन से भरा पूरा परिवार छोड़ गए। वे बचनेश त्रिपाठी के छोटे सुपुत्र व उदयन राज त्रिपाठी के चचेरे भाई थे। उनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

#### पूर्व में 13 लाख की यह योजना पूरी तरह फ्लाप हो गई थी

# लाखों की लागत से नगर में लगे डस्टबिन क्या फिर होंगे कबाड़?

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शहर को स्वच्छ बनाने के दावों और सरकारी खजाने के उपयोग के बीच एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि क्या गंडई की सड़कों पर नजर आने वाले चमचमाते स्टील डस्टबिन का हश्र भी पिछले डस्टबिन्स जैसा ही होगा? या इसे संभाल कर रखा जा सकेगा? क्या इसका उपयोग सही तरीके से किया जाएगा या यह भी शरारती तत्वों के खिलवाड़ का समान बनेंगे? इन्हे भी तोड़ मरोड़ कर कबाड़ियों के हवाले कर दिया जाएगा?

जानकारी के अनुसार 2020-21 के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के तहत 14 वें वित्त आयोग मद से शहर में 191 नग डस्टबिन लगाए गए थे। सारथी इंटरप्राइजेस भिलाई द्वारा लगाए गए इन डस्टबिन्स में प्लास्टिक के दो डिब्बे और लोहे का फ्रेम था। महज 680 रुपये प्रति नग की लागत से लगे डस्टबिन 2022 के आते-आते गायब होने लगे थे। 2023 तक आलम यह था कि सड़कों से डस्टबिन तो क्या उनके लोहे के फ्रेम तक का नामोनिशान मिट गया। महज डेढ़ साल के भीतर 13 लाख की योजना पूरी तरह फ्लॉप हो गई।

## नए डस्टबीन भी शरारती तत्वों के निशाने पर

### जनता के पैसे की बर्बादी

प्रशासनिक गलियारों में चर्चा है कि पिछला अनुभव इतना कड़वा रहा, तो बिना किसी ठोस सुरक्षा योजना या देखरेख के भारी-भरकम राशि खर्च क्यों किया गया? 22 हजार कीमत वाले डस्टबिन्स की भी चोरी या तोड़फोड़ शुरू हुई, तो जिम्मेदार कौन होगा? बिना सुरक्षा के यह नई योजना भी पुरानी गलतियों की पुनरावृत्ति मात्र साबित हो सकती है। देखना यह है कि 11 जनवरी को लगे 85 डस्टबिन साल के अंत तक सुरक्षित रहते हैं या कबाड़ दुकान में पहुंच जाते हैं।



### अब लगे 22 हजार का डस्टबिन

पुरानी नाकामी से सबक लेने के बजाय प्रशासन ने अब 15वें वित्त आयोग की मद से एक और बड़ा दांव खेला है। इस बार रायपुर के बालाजी उद्योग बिरगांव के जरिए 11 जनवरी से शहर में स्टील के डस्टबीन लगाया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस बार महज 85 नग डस्टबिन के लिए 18 लाख 70 हजार रुपये खर्च किया गया है यानी एक की कीमत लगभग 22 हजार है। सवाल यह है कि जब 680 रुपए कीमत वाला डस्टबिन साल भर नहीं टिक पाया, तो क्या 22 हजार डस्टबिन असामाजिक तत्वों और कबाड़ियों से बच पाएगा?

### वही पुरानी लापरवाही

पुराने डस्टबिन फेल होने के पीछे सिर्फ गुणवत्ता ही नहीं, बल्कि सिस्टम की खामियां भी बड़ी वजह रही है। जागरूकता के अभाव में लोग डस्टबिन का सही उपयोग नहीं करते, तो दूसरी ओर नगर पंचायत द्वारा इनकी नियमित सफाई न होना एक बड़ी समस्या है। डस्टबिन जब कचरे से भर जाते हैं, तो लोग बाहर कचरा फेंकना शुरू कर देते हैं। इसके बाद शुरू होता है असामाजिक तत्वों का तांडव, जो रात के अंधेरे में इन डस्टबिन तोड़कर या उखाड़कर कबाड़ में बेच देते हैं। शराबियों और नशेड़ियों के लिए यह डस्टबिन कमाई का जरिया बन चुके हैं।

### स्टील डस्टबिन की उल्टी गिनती चालू

गत 11 जनवरी को नगर के विभिन्न चौक चौराहों एवं व्यापारिक स्थलों में लगाए गए स्टील के डस्ट बीन की उल्टी गिनती महज 4 दिनों में आरंभ हो गई है। पंडरिया के दैहान चौक वार्ड 2 में लगाए गए डस्ट बीन का ढक्कन गायब हो चुका है। दुर्ग रोड में लगाए गए एक डस्टबिन को उखाड़ दिया गया है जिसके जल्द ही गायब होने की संभावना है। नगर में 11 जनवरी को 85 नग स्टील डस्टबिन लगाए गए है जिसे जाम करने के लिए हल्का गड्ढा खोदकर बहुत कम मटेरियल में जाम किया गया है जो अब हिलने लगे है।

### सबकी जिम्मेदारी

नगर वासियों की सहूलियत के लिए नगर में 85 नग डस्टबिन लगाए गए है। जिसका उपयोग और देखरेख करना सबकी जिम्मेदारी है। - **अविनाश देवांगन,**
मुख्य नगर पंचायत अधिकारी

# धमधागढ़ महासभा का चुनाव निरस्त




**राजनांदगांव।** केन्द्रीय गोंड़ महासभा धमधागढ़ चुनाव के मामले को लेकर समाज के लोगों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पूर्व में हुए चुनाव में गड़बड़ियों की बात सामने रखी और इस आधार पर न्यायालय पंजीयक समिति द्वारा उक्त चुनाव को शून्य घोषित किए जाने की जानकारी दी। धमधागढ़ केंद्रीय गोंडवाना महासभा के एमडी ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि धमधागढ़ केंद्रीय महासभा का चुनाव बीते 10 अक्टूबर को संपन्न हुआ था। इससे पहले बीते 23 मार्च को मतदाता निर्धारित कर दिया गया था। जिसमें मतदान केंद्र मतदान अधिकारी तय हो गए थे, लेकिन मतदाता सूची में गड़बड़ी थी मतदान अधिकारी ने कमलेश ध्रुव के पक्ष में काम कर मतदान को प्रभावित किया। बेमेतरा महासमुंद धमतरी बालोद में फर्जी मतदान कराया गया। महासमुंद में 41 लोगों की लिस्ट में 68 धमतरी में 16 की लिस्ट में 45 लोगों से फर्जी मतदान कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मामले में हमने न्यायालय पंजीयन फार्म समिति रायपुर को अपनी आपत्ति दर्ज करा कर रोक लगाने या मतदान कार्रवाई को निरस्त किए जाने की मांग की थी। जिस पर फॉर्म सोसायटी ने जांच के पश्चात बीते 8 जनवरी को उक्त चुनाव को शून्य घोषित कर

### चुनाव अधिकारी पर आरोप

एमडी ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि धमधागढ़ महासभा ने एक बार फिर हमें जिम्मेदारी दी है। तथा समिति को नये सिरे से चुनाव कराये जाने का आदेश पारित किया गया है। आगे की प्रक्रिया पूरे पारदर्शिता के साथ होगी। उन्होंने कहा कि कमलेश ध्रुव जो कि पूर्व में अपने आप को अध्यक्ष घोषित किया था तथा वह केन्द्रीय गोंड़ महासभा, धमधागढ़ का कोई सदस्य नहीं है तथा वह आदिवासी ध्रुव गोंड़ महासभा बावनगढ़ महासभा के सदस्य है। उन्हें 12 अक्टूबर के चुनाव में खड़े होने का अधिकार नहीं था, लेकिन चुनाव अधिकारी की अनियमितता के कारण चुनाव हुआ था।

# शराब पिला कर कुकर्म पुलिस गिरफ्त में आरोपी



**राजनांदगांव।** पीडिता को शराब पिला कर कुकर्म करने के मामले की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13जनवरी को शाम लगभग 5 बजे पीडिता को मुर्गी फार्म हाउस में काम करने वाले कांशी जांगड़े ने पीड़िता को मोटर सायकल से बोदेला के मेले में घूमने के लिए ले गए थे। रात्रि साढे 7 बजे तक वापस घर नहीं लाए जाने पर पीड़िता को खोजने के लिए मुड़गांव बस्ती की ओर गए, वहां पता-तलाश की गई किंतु जानकारी नहीं मिली। कुछ समय बाद अपने घर आए तो देखा कि घर के बाहर पीड़िता शराब के नशे में जमीन पर सोई हुई थी। 14 जनवरी को सोकर उठने पर इशारों से घटना के बारे में बताई। तब थाना डोंगरगढ़ द्वारा पीड़िता का कथन-बयान लिया गया। पुलिस के अनुसार कांशी जांगड़े द्वारा पीड़िता के मूकबधिर एवं श्रवण बाधित होने की जानकारी होते हुए उसे शराब पिलाकर नशे की हालत में रितेश के साथ अपने किराये के मकान, मुड़गांव ले जाकर कांशी जांगड़े द्वारा जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया गया तथा रितेश लोधी द्वारा अपराध में सहयोग किया गया। कांशी जांगड़े एवं रितेश लोधी के विरुद्ध धारा 64(2)(क), 3(5) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार 15 जनवरी को दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार करने एवं साक्ष्य पाए जाने पर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

## अवैध रूप से धान परिवहन, दो ट्रक पकड़ाए

**अंबागढ चौकी।** अवैध रूप से धान परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है जिसके तहत अवैध धान परिवहन करने के मामले में दो ट्रक को पकड़ा गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार वरिष्ठ कार्यालय के द्वारा निर्देशित किए जाने पर थाना चिल्हाटी में अवैध धान परिवहन करने वालों पर रोक लगाने हेतु 14 जनवरी को पुलिस द्वारा रात्रि में एमसीपी लगाकर आने-जाने वाले वालों का चेकिंग किया जा रहा था। चेकिंग दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीजे 0862, 14 चक्का आया। उक्त वाहन को रोककर चेक किया गया। उक्त वाहन में 747 कट्टा धान वजन 303.35 क्विंटल एवं ट्रक क्रमांक सीजी 22 जे 8101, 14 चक्का में 730 कट्टा धान वनज 295.30 क्विंटल होना पाया गया है।



### मामला खाद्य विभाग को सौंपा जाएगा

उक्त दोनों ट्रक में लगभग 1477 कट्टा धान वजन 598.6 क्विंटल धान को उक्त वाहन के चालक द्वारा अवैध रूप से धान परिवहन करना पाए जाने से गवाहों के समक्ष मौके पर पंचनामा तैयार किया गया। पंचनामा तैयार कर वाहन को सुरक्षार्थ थाना चिल्हाटी परिसर में रखा गया है। प्रकरण खाद्य विभाग से संबंधित होने से अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन तैयार कर भेजा गया हैं।

# छुईखदान में बाबा गुलाब शाह का उर्स आज से

**छुईखदान।** नगर के बस स्टैंड के समीप स्थित वर्षों पुरानी दरगाह बाबा गुलाब शाह रह. अलैहे का सालाना उर्स कल 16 जनवरी से प्रारंभ हो गया है, जो 17 जनवरी तक श्रद्धा और अकीदत के साथ मनाया जाएगा। उर्स के मौके पर दूर-दराज से बाबा के चाहने वाले दरगाह पहुंचकर चादरपोशी पेश करेंगे। उर्स की शुरुआत 16 जनवरी को सुबह 8 बजे गुस्ल पेश करने की रस्म से होगी। इसके पश्चात दोपहर को नमाज जुमा के बाद कुरान खानी की जाएगी। कुरान खानी के अलावा फातिहा का आयोजन किया जाएगा। शाम को मगरिब की नमाज के बाद मस्जिद के सामने से न्यू यंग कमेटी के तत्वावधान में शाही संदल निकाला जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल होंगे। उर्स के दूसरे दिन 17 जनवरी को आम लंगर रखा गया है। दरगाह कमेटी ने हाफिज इलियास अहमद रिजवी, हाफिज सरीफुल हक साहब, हाजी यूसुफ सोलंकी, सज्जाक खान, शेख निजामुद्दीन, शेख इब्राहिम, दादू खान, इमरान खान, पप्पू खान, शेख फरीद, अख्तर खान, आशु खान, कम्मू खान, अज्जू खान, साहिर खान, नवाब खान, अब्बास खान, शादाब खान, समीर खान, अनस खान, रशीद खान, हबीब खान, मोहम्मद अर्श, मोहम्मद आज़म, शेख आयान, हाकिम खान, सारीक खान, अमन खान, अल्तमस खान, शेख फ़ैजान, शेख ओवेश, अली खान, रियाज खान, मटरू भाई, कादरी खान, साहिल खान, महफूज खान, आयुष खान ने बाबा के चाहने वालों से अधिक से अधिक संख्या में उर्स में शामिल होने की अपील की है।









खबर संक्षेप

### बड़े घुघरी में तीन दिवसीय मानस प्रवचन कथा आज से



**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत बड़े घुघरी-कवर्धा में तीन दिवसीय मानस प्रवचन का मंगलमय आयोजन किया गया है। जिसमें प्रवचन 16, 17 और 18 जनवरी को होगा। जिस पर प्रवचनकर्ता पं आनंद उपाध्याय द्वारा कथा दोपहर 2 बजे से हरि इच्छा तक भक्तजनों को मानस प्रवचन कराया जाएगा। जिसमें भरतनाथ योगी, जंगुराम पटेल, भगवान नाथ, हरिनाथ, लालाराम पटेल और ग्रामवासियों ने श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर कथा का लाभ लेकर जीवन को सफल बनाए।

### पारदर्शी व सहभागितापूर्ण हितग्राही चयन को लेकर दी जा रही जानकारी

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत संचालित उप-योजना सीजी-से छत्तीसगढ़ समावेशी आजीविका योजनाद्ध का मुख्य उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद परिवारों को चिन्हांकित कर उन्हें आजीविका से जोड़ना है। इसी उद्देश्य को सफल बनाने के लिए जिले में ग्राम संगठन स्तर पर गठित चयन समिति के सदस्यों को सतत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण इसलिए आवश्यक है ताकि चयन समिति के सदस्य सही तरीके से वास्तविक जरूरतमंद परिवारों की पहचान कर सकें और योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से पहुंचाया जा सके। जिले के विकासखंड पंडरिया, बोड़ला और सहसपुर लोहारा में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 05 जनवरी से संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में चयन समिति के सदस्यों को यह बताया जा रहा है कि किस प्रकार सरल, पारदर्शी और सहभागिता के साथ लक्षित परिवारों का चयन किया जाए। इसके अंतर्गत पीआर, गतिविधियां सामाजिक मानचित्र बनानाए घर-घर सर्वेक्षण करना, सर्वे फार्म भरने की प्रक्रिया और चयन के मापदंडों की जानकारी दी जा रही है।

# 54 लाख रूपए का मिनी स्टेडियम बना शोपीस, उद्घाटन से पहले ही युवाओं की उम्मीदें टूटीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में लगभग 54 लाख रुपए की लागत से निर्मित मिनी स्टेडियम आज भी अपने उद्देश्य से कोसों दूर है। निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण स्टेडियम का अब तक उद्घाटन नहीं हो सका, जिससे गांव के युवा खिलाड़ियों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है।

लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद यह मिनी स्टेडियम फिलहाल केवल शोपीस बनकर रह गया है। स्थानीय युवाओं का कहना है कि मैदान में जगह-जगह बड़े-बड़े पत्थर और गिट्टी पड़े हुए हैं, जिससे क्रिकेट या अन्य खेल खेलना तो दूर, मैदान में सुरक्षित चलना भी मुश्किल है। पूरे मैदान में मुरूम का कार्य अधूरा है, जिसके कारण खेल गतिविधियां शुरू नहीं हो पा रही हैं। इतना ही नहीं स्टेडियम परिषर में नया बोर नहीं कराया गया है। अधिकारियों द्वारा पुराने बोर को ही दर्शाया गया, जो पहले से मुक्तिधाम के लिए बनाया गया था। वहीं भवन में स्थायी बिजली कनेक्शन भी नहीं है, जिससे शाम और रात के समय पूरा परिसर अंधेरे में डूबा रहता है।

जिस पर ग्रामीणों और युवाओं ने इस समस्या को लेकर कई बार शासन-प्रशासन व क्षेत्र के जिम्मेदारों को शिकवा-शिकायत तथा अवगत कराया गया, लेकिन आज तक किसी ने संज्ञान नहीं लिया। शिकायतों के बावजूद प्रशासनिक उदासीनता बनी हुई है।




### अधूरे कार्यों को जल्द पूर्ण कराए जाने की मांग

युवाओं का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो शासन की खेल प्रोत्साहन योजनाओं पर पानी फिर जाएगा। सवाल यह उठता है कि जब मिनी स्टेडियम बनकर भी उपयोग में नहीं आ पा रहा, तो ऐसी योजनाओं का वास्तविक लाभ आखिर किसे मिल रहा है? ग्रामीणों और खिलाड़ियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए, मैदान को खेल योग्य बनाया जाए, बिजली और पानी की व्यवस्था की जाए तथा शीघ्र उद्घाटन कर युवाओं को इस मिनी स्टेडियम का वास्तविक लाभ मिल सकें।

## विभागीय योजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए अधिकारी नियमित रूप से करें फील्ड का निरीक्षण

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे शासकीय योजनाओं का लाभः उद्योग मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग व जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने कवर्धा में अधिकारियों की बैठक में कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंचना चाहिए, यही हमारा मुख्य उद्देश्य है। सभी अधिकारी अपने विभागीय दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करें। लगातार योजनाओं की मॉनिटरिंग हो जहां कमियां है उसमें तत्काल सुधार किया जाए ताकि लोगों तक योजनाओं तथा मिलने वाली सुविधाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, आयुष्मान कार्ड, जनमन योजना जैसी केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिलना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के अंतर्गत कई निर्माण कार्य चल रहे हैं, जिन्हें तय समय सीमा में और अच्छी गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उद्योग मंत्री देवांगन ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कबीरधाम जिले में चल रही विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, पंडरिया श्रीमती नंदनी साहू, बोड़ला श्रीमती बालका वर्मा जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह, डीएफओं निखिल अग्रवाल, प्रभारी जिला पंचायत सीईओं विनय पोयाम सहित जिला अधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने प्रधानमंत्री जनमन योजना, धान खरीदी, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान कार्ड सहित पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग सहित अन्य विभागों के अंतर्गत चलने वाले महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकसित छत्तीसगढ़ 2047 का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। सभी को मिलकर टीम भावना से काम करते हुए कबीरधाम जिले के विकास के लिए कार्य करना है।

### सभी किसानों का धान खरीदा जाना शासन की प्राथमिकता है




सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि जिन विभागों के कार्यों में कमी पाई गई है, उन्हें अधिकारी प्राथमिकता के साथ और अच्छी गुणवत्ता में पूरा करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वीकृत किए गए कार्यों को अधिकारी तय समय सीमा में पूरा करना सुनिश्चित करें। धान खरीदी को लेकर जानकारी लेते हुए सांसद श्री पांडेय ने कहा कि सभी किसानों का धान खरीदा जाना शासन की प्राथमिकता है। किसानों से जुड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिले में उनके क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली।

### मोबाइल यूनिट तय समय पर हर गांव तक पहुंचे

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि सभी विकास कार्यों में समयबद्धता होना बहुत जरूरी है, ताकि आम जनता को सही समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने उर्वरकों के भंडारण के संबंध में कृषि अधिकारी से जानकारी लेते हुए समय पर वितरण कराने के निर्देश दिए। विधायक श्रीमती बोहरा ने पशु चिकित्सा मोबाइल मेडिकल यूनिट की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि यह मोबाइल यूनिट तय समय पर हर गांव तक पहुंचे, ताकि पशुपालकों को समय पर उपचार और अन्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य गांव के लोगों को उनके घर के पास ही पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। इसके अलावा उन्होंने नगर पंचायत के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की भी जानकारी ली। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को फील्ड में सक्रियता के साथ जनसमस्याओं के निवारण के लिए निर्देशित किया।

# पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला में 7 से 15 जनवरी तक पंच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्रामवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना हेतु समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हुआ। महायज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं ने यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर अपने परिवार एवं गांव की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। पंडितों द्वारा वेद-पुराणों के मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में विधिवत आहुतियां प्रदान की गई। ग्राम मोहतरा कला सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थें, जिससे पूरे गांव में उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास श्रीमद् जगतगुरु रामानंदाचार्य श्री श्री 108 श्री वल्लभाचार्य महाराज अयोध्या धाम उत्तर प्रदेश, महंत रसीकेश्वर दास महाराज खजुहा धाम रीवा मध्य प्रदेश तथा अनंत विभूषित पंचरसाचार्य प्रेमावतार स्वामी श्रीमद् राम हर्षण दास महाराज द्वारा श्रीराम कथा का दिव्य एवं भावपूर्ण रसपान कराया गया। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर स्वयं को धन्य अनुभव किया। यज्ञाचार्य एवं मंच संचालन की भूमिका मेघानंद शास्त्री कर्मकांडी ग्राम चिल्हाटी द्वारा निभाई गई, जिन्होंने वेदों के मंत्रों के साथ महायज्ञ को विधिवत संपन्न कराया। वहीं मुख्य यजमान के रूप में श्रीमती कंचन लता पहलाद तिवारी विराजमान है सहायक यजमानों में श्रीमती भगवती राम अवतार चंद्रवंशी, श्रीमती ललती जयराम चंद्रवंशी, श्रीमती गीता द्वारिका चंद्रवंशी, श्रीमती विमला ईश्वरी यादव एवं श्रीमती प्यारी आजू राम साहू शामिल रहीं। ग्राम आचार्य के रूप में राधेलाल शर्मा ग्राम कंझेटा का विशेष योगदान रहा। साथ ही साथ प्रतिदिन रात्रि 8 से 10 बजे तक संगीतमय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के भक्तजन तथा श्रद्धालु गण उपस्थित थें।



## राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर मगरदा में संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** आचार्य पंथ श्री गृंथ मुनि शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा की राष्ट्रीय सेवा योजना रासेयो महिला इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत मगरदा में 7 से 13 जनवरी तक किया गया। शिविर का आयोजन नशा मुक्त भारत थीम पर किया गया। शिविर की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा ने की। उन्होंने आयोजन के लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए स्वयंसेविकाओं को सेवा-भाव, अनुशासन एवं राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। शिविर का सफल संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कन्नौजे द्वारा किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज को राष्ट्र सेवा के प्रति जागरूक करना था, जिसमें स्वच्छता, शिक्षा, नशा मुक्ति, नारी सशक्तिकरण, बाल विवाह पर रोक, स्वास्थ्य जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। इस प्रकार के शिविरों से विद्यार्थियों में व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का विकास होता है। प्रथम दिवस शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत मगरदा सरपंच आनंद यादव, प्राथमिक शाला मगरदा शाला विकास समिति अध्यक्ष चंद्रकुमार, ग्राम पंचगण, गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में हुआ। जिसमें प्रभात फेरी, परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें स्वयंसेविकाओं के साथ ग्रामवासी एवं स्कूली विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की। द्वितीय दिवस प्राथमिक शाला मगरदा की शिक्षिका विंध्यवासिनी पाण्डेय ने नारी सशक्तिकरण पर व्याख्यान दिया, वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाता जागरूकता की जानकारी दी गई। तृतीय दिवस आस्था समिति अध्यक्ष दौलतराम कश्यप ने व्यक्तित्व विकास पर तथा सहायक प्राध्यापक एसआर टंडन ने साइबर क्राइम जैसे समसामयिक विषय पर चर्चा की। चतुर्थ दिवस चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक महेश निर्मलकर ने बाल विवाह रोकथाम पर जानकारी दी। साथ ही सहायक प्राध्यापक मुकेश कामले, भानुप्रताप सिंह, डॉ जयकुमार मेहरा एवं डॉ राकेश चंदेल द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की नीति, योजनाओं, शिविर की व्यावहारिक चुनौतियों एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। पंचम दिवस पीजी कॉलेज कवर्धा के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक नरेंद्र कुमार कुलमित्र ने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर रासेयो जिला संगठक डॉ कामती सिंह परिहार ने शिविर का निरीक्षण कर टीम को संबोधित किया। आयुर्वेद अधिकारी डॉ संगीता चौहान ने किशोरी बालिका स्वास्थ्य, कल्पना कुलमित्र ने शिक्षा के महत्व पर व्याख्यान दिया। षष्ठम दिवस महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा द्वारा शिविर के कार्यो का निरीक्षण किया गया एवं स्वयंसेविकाओं को शुभकामनाएं दी गई। सातवें दिवस प्राथमिक शाला मगरदा की प्रधानाध्यापिका श्रीमती अंजू खुराना ने नारी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समाज के प्रति कर्तव्यों पर व्याख्यान दिया। श्रीमती सुनीता गुप्ता ने समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। शिविर के दौरान स्वयंसेविकाओं द्वारा नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, बाल विवाह रोकथाम, डिजिटल साक्षरता, नारी सशक्तिकरण जैसे विषयों पर नुक्कड़ नाटक, थीम डांस एवं सांस्कृतिक नृत्य के माध्यम से प्रभावी जन-जागरूकता संदेश दिया गया। पीजी महाविद्यालय कवर्धा के समस्त स्टाफ एवं ग्राम मगरदा के ग्रामवासियों के सहयोग से सात दिवसीय विशेष शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# जनजातीय स्वास्थ्य परंपरा व आधुनिक चिकित्सा का अनूठा संगम, बैगा-गुनिया और डॉक्टरों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

बोड़ला में आयोजित 06 दिवसीय भव्य हिंदू संगम के तीसरे दिन आज आस्था और सेवा का एक अनूठा दृश्य देखने को मिला। मौनी अमावस्या के उपलक्ष्य में आयोजित इस महाकुंभ के तीसरे दिन यानि 15 जनवरी को बैगा-गुनिया एवं चिकित्सक सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वनांचल क्षेत्रों में पारंपरिक पद्धति से उपचार करने वाले बैगा-गुनिया गांव में फूंक झाड़ करने वाले बैगा और ग्रामीण क्षेत्रों में निःस्वार्थ सेवा देने वाले चिकित्सकों को एक ही मंच पर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरोग्य भारती के संगठन मंत्री अशोक वार्ष्णेय, छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल,चंद्रशेखर वर्मा सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थें। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आरोग्य भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री अशोक वार्ष्णेय उपस्थित थें, उन्होंने भारतीय स्वास्थ्य परंपराओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव है। हमारे वनांचल क्षेत्रों में निवास करने वाले बैगा और गुनिया सदियों से जड़ी-बूटियों और पारंपरिक ज्ञान के माध्यम से समाज की सेवा कर रहे हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों के डॉक्टर सीमित संसाधनों में लोगों की जान बचा रहे हैं। इन दोनों का समन्वय ही नर-सेवा ही नारायण सेवा का असली स्वरूप है।सम्मेलन के दौरान जिले के दूर-दराज के गांवों से आए सैकड़ों बैगा, गुनिया और चिकित्सकों का रामायण पुस्तक, श्रीराम चंद्र का फोटो, दंड एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इनमें वे लोग शामिल थे जो तंत्र-मंत्र और झाड़-फूंक के पारंपरिक ज्ञान के साथ-साथ प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से ग्रामीणों का उपचार करते हैं, साथ ही वे डॉक्टर भी सम्मानित हुए जो गांव क्षेत्रों में रहकर मरीजों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराते हैं।



### दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्रायसायकिल का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

समाज कल्याण विभाग कबीरधाम द्वारा अस्थि बाधित तीन दिव्यांगजनों को बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्रायसायकल का वितरण किया गया। ग्राम बरबसपुर के पुन्नीदास, ग्राम महराटोला के रमेश पटेल तथा कैलाश नगर कवर्धा के युसुफ खान को यह ट्रायसायकल प्रदान की गई। मोटराइज्ड ट्रायसायकल मिलने से दिव्यांगजन अब आवागमन में अधिक सक्षम होंगे और दैनिक कार्यों में सुविधा प्राप्त करेंगे। वितरण कार्यक्रम में नपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, सभापति बिहारी राम धुर्वे सहित समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## चतुर्थ दिन कथा सुनने उमड़ी आसपास क्षेत्र के भक्तों की भारी भीड़

# श्रीमद्भागवत कथा का भावपूर्ण प्रसंग, मानव जीवन की दुर्लभता और दान-भक्ति का गूंजा संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सहसपुर लोहारा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम गोछिया में कौशिक परिवार के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। कथा वाचक आचार्य पं झम्मन शास्त्री महाराज ने मानव जीवन की दुर्लभता, भक्ति, दान और समर्पण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। महाराज ने कहा कि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ है और यह बड़े सौभाग्य से प्राप्त होता है। इसी जीवन में परमात्मा तत्व की प्राप्ति संभव है तथा भागवत कथा का रसास्वादन भी केवल मनुष्य योनि में ही सुलभ है। अन्य योनियों में जीव भजन, दान, पूजन, जप और तप करने में सक्षम नहीं होता। मनुष्य इस मृत्यु लोक में सांसारिक सुखों का भोग करते हुए सेवा, दान और भजन के माध्यम से परलोक के लिए पुण्य अर्जित कर सकता है, जो अंततः ईश्वर प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करता है।

उन्होंने समझाया कि संग्रहित भोग-सामग्री ही जीवन का लक्ष्य नहीं हो सकती, क्योंकि मृत्यु कभी भी आ सकती है। इसलिए सेवाधर्म, दान और भक्ति के माध्यम से जीवन को सार्थक बनाना ही सच्चा पुरुषार्थ है। झम्मन शास्त्री महाराज ने गज-ग्राह प्रसंग, गणिका और प्रहलाद के उदाहरणों से यह प्रतिपादित किया कि श्री हरि के नाम स्मरण मात्र से भी मुक्ति संभव है। कलयुग में दान के विशेष महत्व का वर्णन करते हुए आचार्य ने दानवीर राजा बलि की कथा सुनाई। प्रहलाद के पौत्र महाराज बलि ने भगवान वामन को अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया, जिसके फलस्वरूप स्वयं भगवान उनके रक्षक बनकर सुतल लोक में द्वारपाल रूप में विराजमान हैं। उन्होंने बताया कि माता लक्ष्मी भी बलि को भाई मानकर सूत्र बांधने गई और दक्षिणा में अपने पति भगवान नारायण को मांगा। इससे यह शिक्षा मिलती है कि उपासना में माता लक्ष्मी के साथ भगवान नारायण का स्मरण भी अनिवार्य है। चतुर्थ दिवस की कथा में समुद्र मंथन एवं वामन अवतार का सजीव वर्णन किया गया। उन्होने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा कोई मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि मोक्ष और ईश्वर प्राप्ति का माध्यम है।

उन्होंने व्यास पीठ की मर्यादा पर बल देते हुए कहा कि आज कुछ कथाकार भागवत जैसे पुण्य ग्रंथ को नाच-गान और मनोरंजन का साधन बना रहे हैं, जो उचित नहीं है। इसके लिए श्रद्धालु दोषी नहीं, बल्कि व्यास पीठ के महत्व को न समझने वाले अल्पज्ञ कथाकार जिम्मेदार हैं।

उन्होंने कहा कि भागवत श्रद्धा का विषय है, जिसे शुद्ध हृदय और सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर सुनना चाहिए। कथा के श्रोता और वक्ता दोनों में अटूट आस्था और प्रेम हो, तभी आयोजन की सार्थकता सिद्ध होती है। साथ ही महाराज ने प्रतिदिन हनुमान चालीसा पाठ तथा सप्ताह में एक दिन सामूहिक पाठ करने की आवश्यकता बताई। कथा के दौरान समुद्र मंथन एवं वामन अवतार प्रसंग पर वामन भगवान की दिव्य झांकी निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर महाआरती में सहभागिता की। पूरे वातावरण में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संचार रहा।

# शिक्षक अर्जुनराम चन्द्रवंशी को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

पीएम श्री सेजस विद्यालय पिपरिया में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा सेवानिवृत्त व्याख्याता अर्जुनराम चन्द्रवंशी को गरिमामय एवं भावपूर्ण विदाई दी गई। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ ने उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने श्री चन्द्रवंशी को पुष्पगुच्छ भेंटकर, गुलाल लगाकर तथा श्रीफल एवं शाल प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भावनात्मक वातावरण देखने को मिला, जहां विद्यार्थियों ने उनके मार्गदर्शन और प्रेरणादायी शिक्षण को याद किया। विद्यालय के प्राचार्य नंदकुमार शर्मा एवं वरिष्ठ व्याख्याता केएल सिंगरौल ने उनके शैक्षणिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री चन्द्रवंशी एक कर्तव्यनिष्ठ, मृदुभाषी एवं मिलनसार शिक्षक रहे हैं, जिनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उपस्थित शिक्षकों ने श्री चन्द्रवंशी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में व्याख्याता विनोद चन्द्रवंशी, पवन कोसरिया, अजय गुप्ता, हंसराज चन्द्राकर, राजेश निषाद, वीरेंद्र भुआर्य, श्रीमती देवकी नेताम, मोनिका सोनी, सुप्रिया तिवारी, गुलापा धुर्वे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थें। समारोह के अंत में श्री चन्द्रवंशी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को ईमानदारी, अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।



कार्रवाई : गिरफ्त में आया आरोपी मानसिक रोगी, मनोरोग चिकित्सालय भेजने का आदेश

# सुधा वाटिका में मूर्ति खंडन की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

कवर्धा कोतवाली पुलिस ने एक मनोरोगी को गिरफ्तार कर दावा किया है कि, यह वही आरोपी है जिसने बीते दिनों जिला मुख्यालय कवर्धा के सुधा वाटिका में स्थित शिव मंदिर में स्थापित शिव लिंग तथा नंदी महाराज की प्रतिमा को खण्डित किया था। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 20/2026 धारा 298 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की है। इस संबंध में कवर्धा कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना कवर्धा क्षेत्र अंतर्गत ठाकुर पारा स्थित सुधा वाटिका गार्डन परिसर में शिव मंदिर के शिवलिंग एवं नंदी महाराज के खंडन की गंभीर घटना को कवर्धा पुलिस द्वारा गंभीरता से लेते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की गई है। घटना से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने के संबंध में गत 10 जनवरी 2026 को थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 20/2026 धारा 298 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई थी। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कृष्ण कुमार चंद्राकर के पर्यवेक्षण में थाना कवर्धा पुलिस द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर साक्ष्य संकलन, नजरी नक्शा तैयार करना, गवाहों के कथन लेना एवं आसपास के क्षेत्र में सघन पतासाजी की गई। पुलिस की सतर्कता एवं सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप घटना में संलिप्त आरोपी राज देवार उर्फ छोटे देवार पिता कृष्णा देवार उम्र 19 वर्ष निवासी लोहारा नाका वार्ड क्रमांक 05 कवर्धा को चिन्हित कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी का व्यवहार असामान्य पाए जाने पर निष्पक्ष एवं वैधानिक जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आरोपी का जिला चिकित्सालय कवर्धा में चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया, जहां चिकित्सक द्वारा उसे शारीरिक रूप से स्वस्थ किंतु मानसिक रूप से अस्वस्थ पाया गया एवं समुचित उपचार हेतु मनोरोग चिकित्सालय सेन्द्री, जिला बिलासपुर रेफर किया गया। जांच में यह भी तथ्य सामने आया कि आरोपी का पूर्व में भी मनोरोग चिकित्सालय सेन्द्री, बिलासपुर में उपचार कराया जा चुका है। इस कार्यवाही में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश कश्यप एसआई शालिनी वर्मा, एसआई रघुवंश पाटिल, एएसआई सुनील यादव, आरक्षक अजय वैष्णव, आरक्षक हीरेन्द्र, आरक्षक संतोष बांधेकर, आरक्षक धर्मेंद्र मरावी साइबर प्रभारी निरीक्षक महेश प्रधान, आरक्षक संदीप शुक्ल, आरक्षक गोपाल राजपूत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## आरोपी को मनोरोग चिकित्सालय भेजने की तैयारी




कलेक्ट्रेट में जोगी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में धान गबन को आपराधिक व भ्रष्टाचार की श्रेणी का गंभीर अपराध बताते हुए मांग की गई कि संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज हो। प्रकरण की ईओडब्ल्यू अथवा एसीबी से स्वतंत्र जांच कराई जाए। धान संग्रहण केंद्र प्रभारी, जिला विपणन/खाद्य अधिकारी सहित दोषियों को तत्काल निलंबित किया जाए। इसके अलावा ज्ञापन में कहा गया कि गायब धान की अनुमानित कीमत 7-8 करोड़ रुपए आंकी गई है जिसकी वसूली दोषियों से वसूली कर उनकी चल-अचल संपत्ति कुर्क की जाए।

# जिला गुड़ उद्योग संघ ने प्रशासन पर लगाया प्रताड़ना का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

जिला गुड़ उद्योग संघ के पदाधिकारियों ने गुरुवार को प्रशासन पर बेवजह प्रताड़ना करने का गंभीर आरोप लगाते हुए अपनी विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर जिला कार्यालय कवर्धा पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान संघ ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे 21 जनवरी से जिले में गन्ना खरीदी पूरी तरह बंद कर देंगे, जिससे किसानों और उद्योग दोनों पर असर पड़ेगा। जिला गुड़ उद्योग संघ के अध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष जिले में गुड़ उद्योग का संचालन शुरू हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं, लेकिन इसी अवधि में प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से लगातार नोटिस जारी किए जा रहे हैं। इससे उद्योग संचालकों को बेवजह परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी कभी भी गुड़ फैक्ट्रियों में जांच के नाम पर पहुंच जाते हैं और अनावश्यक सवाल-जवाब कर संचालकों को प्रताड़ित करते हैं। इससे न केवल उद्योग संचालन प्रभावित हो रहा है, बल्कि मानसिक और आर्थिक दबाव भी बढ़ रहा है। संघ के पदाधिकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि विद्युत विभाग द्वारा एवरेज बिजली बिल के नाम पर पूरे महीने का मनमाना बिजली बिल वसूला जा रहा है, जबकि गुड़ उद्योग वर्ष में मात्र दो माह ही संचालित होता है और शेष आठ माह पूरी तरह बंद रहता है।

इसके बावजूद पूरे साल का औसत बिल थोपना उद्योग संचालकों के साथ अन्याय है। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने कलेक्टर से मांग की है कि उद्योग संचालकों को बेवजह परेशान करना बंद किया जाए, जांच प्रक्रिया को पारदर्शी और सीमित किया जाए तथा बिजली बिलिंग व्यवस्था में मौसमी उद्योगों को राहत दी जाए। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा और गन्ना खरीदी बंद करने का निर्णय लागू किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पर्व विशेष में पशुवध एवं मांस बिक्री निषिद्ध

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी गोपाल वर्मा ने कबीरधाम जिले में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस, 30 जनवरी गांधी निर्वाण दिवस, 15 फरवरी, महाशिवरात्री पर्व, 20 मार्च चैतीचांद, 26 मार्च रामनवमी, 31 मार्च महावीर जयंती, 14 अप्रैल डॉ. अंबेडकर जयंती और 01 मई को बुद्ध जयंती के अवसर पर पशुवध गृह एवं मांस बिक्री केन्द्रों को बंद रखने आदेशित किया है। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय निकाय विभाग मंत्रालय रायपुर के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस, गांधी निर्वाण दिवस, महाशिवरात्री पर्व, चैतीचांद, रामनवमी, महावीर जयंती, डॉ. अंबेडकर जयंती और बुद्ध जयंती के अवसर पर पशुवध गृह एवं मांस बिक्री केन्द्रों को बंद रखने आदेश जारी किया है।

### 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत ग्राम घोरेवारा निवासी विकासदास की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता देवदास मानिकपुरी को और ग्राम तारो निवासी झाडूराम की आग में जलने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नी भारतीन बाई को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

# गुरुकुल में दी गई सड़क सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

गुरुकुल पब्लिक स्कूल में यातायात विभाग कवर्धा के द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर विद्यार्थियों शिक्षक एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा की विशेष जानकारी दी गई।



इस अवसर पर यातायात विभाग के ट्रैफिक इंचार्ज अजय कांत तिवारी एवं उनके यातायात विभाग के सहयोगियों ने रोचक ढंग से विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के विषय में समझाया। यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन नहीं चलाना चाहिए। यदि उनके द्वारा दुर्भाग्यवश दुर्घटना होती है तो उनके पिता स्वमेव आरोपी बन जाएंगे और उन पर आपराधिक तौर पर कानून लागू होगा। उन्होंने सभी को समझाया कि शाला के शिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है। जो चार पहिया वाहन चलाते हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट बांधना चाहिए साथ ही वहां से संबंधित कागजात अपने पास रखना चाहिए।

मीडिया प्रभारी शिक्षक डॉक्टर विजय कुमार शाही ने बतलाया कि यातायात इंचार्ज के द्वारा विद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं बस के चालक परिचालकों को समझाया गया कि वाहन का बीमा आवश्यक है जिससे दुर्घटना होने पर आर्थिक रूप से बचाव किया जा सके। उन्होंने समझाया कि जीवन अनमोल है । इसकी सुरक्षा किसी भी कीमत पर की जानी चाहिए इसलिए यातायात विभाग का स्लोगन है सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा।

शाला के प्राचार्य मनोज कुमार राय ने भी बच्चों को समझाया कि वह अनाधिकृत रूप से वाहन चालन ना करें। अपने माता-पिता को भी यातायात नियमों के विषय में समझाएं। शाला के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारीगण ने संतोष व्यक्त किया कि इस जानकारी से विद्यालय के विद्यार्थी ही नहीं समस्त कर्मचारी भी लाभान्वित होंगे।


# पंडरिया में बकाया राजस्व वसूली के लिए चलाया गया सघन अभियान

## 3556 बकायेदारों का काटा गया बिजली कनेक्शन

- वसूली की गई 89 लाख 37 हजार रुपए की बकाया राशि

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा पंडरिया क्षेत्र में बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस परिपेक्ष्य में स्थानीय स्तर पर गठित अधिकारियों की टीमों द्वारा पंडरिया संभाग के सभी वितरण केन्द्र पंडरिया, कुण्डा, दामापुर, कुकदुर, कापादाह, बोड़ला, चिल्फी, पोण्डी, तरेगांव एवं पाण्डातराई में बकाया वसूली अभियान चलाकर 347 बकायादार उपभोक्ताओं से 89 लाख 37 हजार रूपए की बकाया राशि वसूल की गई है तथा बकाया राशि का भुगतान नहीं करने वाले 3556 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन भी विच्छेदित किये गए। उल्लेखनीय है कि पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि पर बिजली बिल के भुगतान के लिए स्पॉट बिलिंग के माध्यम से उनके घर पर ही बिल उपलब्ध कराई जाती है। बिजली बिल के देयको के भुगतान में विलंब होने पर समझाइश के बाद भी बिल नहीं पटाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन को विच्छेदित करने की कार्यवाही की जा रही है। इस दरमियान विद्यमान सर्विस कनेक्शनों में बायपास एवं हुकिंग कर बिजली चोरी के प्रकरण पाये जाने पर उनके विरूद्ध भी कार्यवाही की जा रही है। मॉस डिस्कनेक्शन के लिए तैनात अधिकारियों की टीमों ने बकाया राजस्व राशि वसुली अभियान के दौरान विद्युत अधिनियम की धारा 138 (विद्युत मीटरों से छेड़छाड़ व बायपास) के तहत 449 मामले दर्ज किये गये हैं, जिसमें 01 करोड़ 58 लाख 23 हजार रूपये की पेनाल्टी विभाग द्वारा लगाया गया है। पंडरिया संभाग के कार्यपालन अभियंता केके झा ने जानकारी देते हुए बताया कि पंडरिया संभाग स्तर पर सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारियों की गठित टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुए पंडरिया संभाग के 3562 उपभोक्ताओं पर 09 करोड़ 85 लाख रूपए के बकाया राशि के भुगतान नहीं किये जाने पर उनके विद्युत कनेक्शन काट दिए गये हैं। तथा 347 बकायादार उपभोक्ताओं से 89 लाख 37 हजार रूपए की बकाया राशि का भुगतान भी प्राप्त किया गया। ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगें। इस अभियान के दौरान जांच दलों द्वारा पंडरिया संभाग में 449 उपभोक्ताओं पर विद्युत अधिनियम की धारा 138 के तहत कार्यवाही करते हुए 01 करोड़ 58 लाख 23 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। कार्यपालन अभियंता श्री झा ने बताया कि शासकीय विभागों के लंबित बकाया राशि भुगतान के लिए विभाग प्रमुखों को नोटिस दिया गया है। इस अभियान के दौरान उपभोक्ताओं को लाइन विच्छेदन से बचने के लिए समय पर विद्युत बिल राशि का भुगतान मोर बिजली ऐप के माध्यम से करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। राजस्व वसूली के लिए तैनात विद्युत कर्मियों द्वारा केंद्र शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 300 यूनिट तक फ्री बिजली एवं शासन द्वारा प्रदत्त सब्सिडी के बारे में जानकारी भी दी जा रही है। उन्होने बकायादार उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि विद्युत देयकों का भुगतान नियमित रूप से करें ताकि विच्छेदन की कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचा जा सके।



# लायंस क्लब ने मेल्विन जोंस की जयंती पर बांटे 50 फूड पैकेट

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

लायंस क्लब ने आज 13 जनवरी को लायंस क्लब इंटरनेशनल के संस्थापक मेल्विन जोंस की जयंती के अवसर पर महावीर स्वामी चौक पर हंगर रिलीफ कार्यक्रम के तहत 50 फूड पैकेट वितरित किए।

इसके पूर्व 8 जनवरी को ठाकुरदेव चौक पर 450 लोगों को पोहा जलेबी का वितरण किया गया था। ज्ञात हो कि लायंस इंटरनेशनल के अध्यक्ष एपी सिंह के निर्देश पर हंगर रिलीफ सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है।

लायंस इंटरनेशनल के मुताबिक भूख आज भी मानवता के सामने खड़ी सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। यह समस्या केवल किसी एक देश या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि विश्व के हर कोने में किसी न किसी रूप में मौजूद है। इस सेवा सप्ताह का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ करना, पौष्टिक भोजन तक पहुँच बढ़ाना और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में योगदान देना है।

इसी उद्देश्य के तहत देश भर के क्लब्स विभिन्न स्तरों पर खाद्य पदार्थ बांट रहे हैं। लायन अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल व डिस्ट्रिक्ट चैयरपर्सन नीरज मनजीत छाबड़ा ने बताया कि बीते वर्ष में क्लब की ओर से बहुत ही उल्लेखनीय सेवाकार्य किए गए हैं और इसी वजह से डिस्ट्रिक्ट के 130 क्लब्स में नगर के क्लब को श्रेष्ठ 10 क्लब्स में स्थान दिया जाता है।

## विवेकानंद महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस मना



**कवर्धा।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रभारी प्राचार्य उमेश कुमार पाठक के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम प्रभारी सनत कुमार देवांगन के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्णेंद्र सिन्हा प्रांत मंत्री, विश्व हिंदू परिषद, ने राष्ट्रगीत वंदे मामरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा वंदे मातरम् हमें सिखाता है कि हमारा देश हमारी मां के समान है। जैसे हम अपनी मां का सम्मान करते हैं, उनकी बात मानते हैं, वैसे ही हमें अपने देश का भी सम्मान करना चाहिए। हमें देश को गंदगी से बचाना चाहिए, पेड़ लगाने चाहिए, बड़ों का आदर करना चाहिए और हमेशा सच्चाई के रास्ते पर चलना चाहिए। इसके पश्चात अशोक चंद्रवंशी लाइफ ट्रांसफॉर्मर, मोटिवेशनल स्पीकर ने छात्र- छात्राओं के करियर मार्गदर्शन पर अपना उद्बोधन दिया। अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों में आत्म-जागरूकता में वृद्धि, करियर के अवसरों की समझ पर प्रकाशडाला, जिसका लक्ष्य छात्रों को उनकी रुचियों, क्षमताओं और बाजार की मांगों के आधार पर सही निर्णय लेने और सफल भविष्य बनाने में मदद करना है, जिसमें सामाजिक-आर्थिक कारकों और कौशल विकास पर भी ध्यान दिया जाता है।

# शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को मिला प्रकृति, पर्यटन और बैगा संस्कृति का जीवंत अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏩चिल्फीघाटी



स्थानीय शासकीय स्वामी आत्मानंद हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरोधादादर पर्यटन ग्राम का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा की पढ़ाई से बाहर निकालकर प्रकृति, संस्कृति, पर्यटन और इतिहास से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने रिसॉर्ट सरोदादादर सहित आसपास के प्रमुख स्थलों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों को जानकारी दी गई कि वर्ष 2023 में सरोधादादर को राज्य स्तर पर पर्यटन ग्राम का पुरस्कार प्राप्त हो चुका है, जिससे इस क्षेत्र की पर्यटन संभावनाओं को राष्ट्रीय पहचान मिली है। साथ ही बच्चों को यह भी बताया गया कि विश्व के केन्द्र बिंदु के मानचित्र में सरोधादादर का नाम अंकित है, जो इसे भौगोलिक दृष्टि से विशिष्ट बनाता है। विद्यार्थियों ने यहां उपलब्ध पर्यटन गतिविधियों—कैम्पिंग, जिपलाइन और ट्रेकिंग के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यालय के प्राचार्य हिंदी माध्यम एस एल पेंद्रों प्राचार्या अंग्रेजी माध्यम शांता त्रिवेदी शिक्षिकाओं याचना पांडे, महिमा सिंह, दीपांजलि परोमिता मुखर्जी श्रीवास्तव, शिवानी झा, प्रीति वर्मा, मुनिया सी. मरकाम, ट्विंकल शर्मा तथा शिक्षकों जेके वर्मा देवेश साहू, रवी कौशिक, मनोज नेताम जयनाथ यादव के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि पर्यटन जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और बैगा संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक प्रेरक पहल भी साबित हुआ।

## अंचल में लोगों ने पूजा, अर्चना व दान पुण्य कर धूमधाम से मनाई मकर संक्रांति

# जलेश्वर महादेव में मकर संक्रांति पर लगाई गई आस्था की डूबकी

हरिभूमि न्यूज ⏩पाण्डातराई

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जिले भर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर पंचायत पाण्डातराई से लगभग 3 किलो मीटर दूर स्थित स्वयंभू जलेश्वर महादेव घाट, डोंगरिया में 15 जनवरी को भव्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर जलेश्वर महादेव घाट में प्रातः 4 बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। ठंड के बावजूद लोगों की आस्था में कोई कमी नहीं दिखी। श्रद्धालुओं ने स्थानीय नदी में आस्था की डुबकी लगाकर स्नान किया और भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात सूर्य देव को जल अर्पित कर दान-पुण्य किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। मान्यता है कि इस दिन स्नान, दान और पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। पर्व के अवसर पर जलेश्वर महादेव घाट परिसर में भव्य मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने सपरिवार पहुंचकर मेले का आनंद लिया। मेले में बच्चों के लिए झूले, खिलौनों की दुकानें, खान-पान के स्टॉल और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की दुकानों से क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा। पूरा क्षेत्र भक्ति गीतों और जयकारों से गूंजता रहा। डोंगरिया के साथ-साथ अंचल के अन्य क्षेत्रों में भी मकर संक्रांति के अवसर पर इसी तरह श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। विभिन्न घाटों और मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और परंपरागत रूप से स्नान, पूजा और दान का आयोजन हुआ। कुल मिलाकर मकर संक्रांति का पर्व जिले में धार्मिक आस्था, सामाजिक मेल-जोल और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया।

